राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 63
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
रविवार 01 फरवरी 2026
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट | पेज 3 यीडा बोर्ड की बैठक में बड़े फैसले | पेज 4 सड़क सुरक्षा अभियान एक माह का नहीं, निरंतर चलने वाला | पेज 6 वैभव सूर्यवंशी को नेशनल टीम में शामिल करने का समय आ

## एपस्टीन फाइल्स : कांग्रेस बोली-ट्रम्प के फायदे के लिए मोदी इजराइल में नाचे

**पूछा- पीएम ने यौन अपराधी एपस्टीन से क्या सलाह ली; सरकार बोली-घोषित अपराधी का घटिया कमेंट**

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन की फाइल्स में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी नाम है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर दो पोस्ट की हैं। उन्होंने लिखा- यह राष्ट्रीय शर्म का विषय है। पीएम किसलिए जेफ्री एपस्टीन की सलाह ले रहे थे?

पहली पोस्ट में खेड़ा ने लिखा है कि जेफ्री एपस्टीन को अमेरिका में मानव तस्करी, नाबालिगों के यौन शोषण और बलात्कार का दोषी ठहराया है, वो लिखता है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसकी सलाह मानी।

अमेरिका के राष्ट्रपति को फायदा पहुंचाने के लिए इजराइल में नाच-गाना किया। कुछ हफ्ते पहले उनकी मुलाकात हुई थी और यह काम कर गया।

खेड़ा ने अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की लिंक शेयर करते हुए लिखा है कि भारत के पीएम का ऐसे बदनाम व्यक्ति के इतने करीब होना, उनके फैसलों, पारदर्शिता और कूटनीतिक मर्यादा पर गंभीर सवाल



खड़े करता है। अब यह साफ है कि पीएम का एपस्टीन के साथ सीधा संबंध रहा है, जिसकी अब तक कोई साफ वजह सामने नहीं आई है।

विदेश मंत्रालय ने बयान जारी करके एपस्टीन फाइल्स में लगाए गए आरोपों का खंडन किया। सरकार ने कहा- एपस्टीन घोषित अपराधी है। उसकी बातें गंभीरता से नहीं लेनी चाहिए।

### खेड़ा ने कहा- पीएम 3 सवालों के जवाब दें

एपस्टीन की बदनाम 'एलीट लोगों की लिस्ट' सामने आने के बाद से दुनियाभर में लगातार विवाद चल रहा है। एपस्टीन और पीएम मोदी के बीच यह संबंध देश की इज्जत और अंतरराष्ट्रीय छवि से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। इसलिए प्रधानमंत्री को खुद सामने आकर तत्काल हमारे 3 सवालों का जवाब देना चाहिए।

☞ वे जेफ्री एपस्टीन की सलाह किसलिए ले रहे थे?

☞ इजराइल में अमेरिकी राष्ट्रपति के किस लाभ लिए वे नाच-गा रहे थे?

मैसेज में लिखा है - 'IT WORKED!' तो, क्या कामयाबी हासिल हुई?

### खेड़ा की दूसरी पोस्ट

खेड़ा ने चैट का स्क्रीनशॉट शेयर किया है। इस पर 24 मई 2019 की तारीख है। इसमें लिखा- 24 मई 2019 को नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर दूसरी बार शपथ ली।

इससे कुछ दिन पहले जेफ्री एपस्टीन ने स्टीव बैनन (ट्रम्प के करीबी) को बताया कि उसकी (एपस्टीन) मोदी के साथ एक - दिलचस्प' बैठक हुई थी।

☞ मोदी ने उसे बताया कि वाश (वाशिंगटन) में कोई उससे बात नहीं करता।

☞ मोदी ने उसे बताया कि मुख्य दुश्मन चीन है और क्षेत्र में उसका प्रॉक्सी पाकिस्तान।

☞ मोदी स्टीव बैनन के विजन से पूरी तरह सहमत हैं।

स्टीव बैनन को मोदी से मिलना चाहिए और एप्स्टीन इसे सेट कर सकता है।

### सरकार बोली- मेल में एक अपराधी की मनगढ़ंत बातें

एपस्टीन फाइल्स पर विदेश मंत्रालय का बयान भी आया है। इसमें लिखा- हमने एपस्टीन फाइल्स से जुड़े एक ई-मेल को लेकर आई खबरें देखीं, जिनमें पीएम के इजराइल दौरे का जिक्र है। जुलाई 2017 में पीएम का इजराइल जाना आधिकारिक और सच बात है। ई-मेल में इसके अलावा कही गईं बाकी बातें एक दोषी की मनगढ़ंत और बेकार बातें हैं, जिन्हें पूरी तरह खारिज किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर पर 4 राउंड फायरिंग

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर 4 राउंड फायरिंग हुई। घटना की खबर मिलने के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीमें उनके घर पहुंचीं। रोहित शेट्टी मुंबई के जुहू इलाके में रहते हैं। उनके घर के पास बॉलीवुड के कई सेलिब्रिटीज के घर हैं। ये घटना शनिवार रात करीब 3 बजे हुई। इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मामले पर अभी रोहित शेट्टी या पुलिस की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। मामले में अभी तक किसी ने भी जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

### नवजोत सिद्धू की पत्नी ने कांग्रेस छोड़ी

अमृतसर। पूर्व क्रिकेटर और पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने शनिवार को कांग्रेस छोड़ने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि उस कांग्रेस को अलविदा कह दिया है, जहां मेहनती और काबिल नेताओं की बात नहीं सुनी जाती और जहां फैसले निजी स्वार्थों के आधार पर लिए जाते हैं। उन्होंने पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग पर निशाना साधा। 8 दिसंबर 2025 को राजा वड़िंग ने उन्हें पार्टी से सस्पेंड किया था। दरअसल, नवजोत कौर कुछ दिनों से पंजाब कांग्रेस के बड़े नेताओं को लेकर डायरेक्ट बयानबाजी कर रही थीं, जिसका पार्टी के अंदर भी विरोध हो रहा था।

### इंदौर में कव्वाल के 13 वर्षीय बेटे की निर्मम हत्या

इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर के एमआइजी थाना क्षेत्र के श्रीनगर (कांकड़) में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले 13 वर्षीय बच्चे की निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी गई। आरोपित मांझा दिलाने के बहाने उसे छत पर ले गया और गंदी हरकत करने लगा। विरोध करने पर पहले बच्चे का ईंट से हमला किया फिर रस्सी से गला घोंट दिया। इसके बाद शव को कंबल में लपेटकर पलंग पेटी में छुपा दिया और ऊपर से वृद्ध दादी को सुला दिया। बता दें कि बच्चा परिवार का इकलौता बेटा था, उसकी दो बहनें हैं। पिता कव्वाल हैं और वे विदेश में प्रोग्राम करते हैं। पुलिस के मुताबिक घटना शुक्रवार रात की है। ट्यूशन से लौटते समय बच्चा घर से 40 मीटर दूर स्थित श्रीदेवी अपार्टमेंट (श्रीनगर मेन) में दोस्त अयान से मिलने के लिए रुक गया था।

## सुनेत्रा बनीं महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री

**अजित पवार के निधन के चौथे दिन ली शपथ, महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम**

मुंबई/बारामती। अजित पवार की

▸ 12 मिनट का शपथ ग्रहण; शरद पवार नहीं पहुंचे

पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बन गईं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने लोकभवन में सुनेत्रा को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह करीब 12 मिनट तक चला। शरद पवार इस समारोह में नहीं पहुंचे।

इससे पहले दिन में एनसीपी विधायक दल और विधान परिषद सदस्यों की विधान भवन में बैठक बुलाई गई थी, जिसमें सुनेत्रा को पार्टी नेता चुना गया था। डिप्टी सीएम की शपथ से पहले सुनेत्रा ने राज्यसभा के



सांसद पद से इस्तीफा दे दिया।

सुनेत्रा को राज्य उत्पादन शुल्क, खेल एवं युवा कल्याण और अल्पसंख्यक विकास/औकाफ विभाग दिए गए हैं। वहीं सीएम देवेंद्र फडणवीस ने वित्त विभाग अपने ही पास रखा है। अजित पवार की तीन दिन पहले 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत के बाद डिप्टी सीएम पद खाली हो गया था।

शपथ के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा- इस मुश्किल समय में महाराष्ट्र के लोगों का प्यार और सपोर्ट ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। आपके भरोसे के साथ, मैं दादा के आदर्शों को जिंदा रखते हुए नई उम्मीद के साथ आगे बढ़ूंगी।

### सुनेत्रा पवार ने राज्यसभा सांसद के पद से इस्तीफा दिया

डिप्टी सीएम की शपथ लेने से पहले सुनेत्रा पवार ने राज्यसभा सांसद के पद से इस्तीफा दे दिया। सुनेत्रा 18 जून 2024 को राज्यसभा सांसद बनीं थीं।

यह इस्तीफा इसलिए जरूरी है क्योंकि संविधान के अनुच्छेद 190(1) के तहत कोई भी व्यक्ति एक साथ केंद्र की संसद (राज्यसभा) और राज्य सरकार में मंत्री नहीं रह सकता।

## आंध्र में वाईएसआरसीपी अध्यक्ष ने सीएम को गाली दी, गिरफ्तार

**चंद्रबाबू नायडू की पार्टी कार्यकर्ताओं ने घर में तोड़फोड़ की, आग लगाई; माफी की मांग**

**गुंटूर।** आंध्र प्रदेश के गुंटूर में प्रदेश की YSR कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष अंबाकी रामबाबू ने मुख्यमंत्री को गाली दी।

इसके बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। पुलिस ने शिकायत के बाद रामबाबू को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।

इस दौरान सत्ताधरी तेलगु देशम पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुंटूर की सड़कों और रामबाबू के घर पर कई घंटों तक विरोध प्रदर्शन किया। दर्जनों टीडीपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अंबाती के घर और गाड़ियों में तोड़फोड़ की



साथ ही आग भी लगा दी।

गुंटूर जिले के पुलिस अधीक्षक वकुल जिंदल ने बताया कि रामबाबू को गिरफ्तार कर लिया गया है। रामबाबू पहले की YSRCP सरकार में सिंचाई मंत्री थे। उन्हें कड़ी सुरक्षा पुलिस अपने साथ ले गई। कार्यकर्ता TDP सुप्रीमो के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए रामबाबू से माफी मांगने की मांग कर रहे थे।



## हैप्पी मॉर्निंग


पति-पत्नी रेलवे स्टेशन पर खड़े ट्रेन का इंतजार कर रहे थे।
तभी एक गाड़ी आई जिस पर लिखा था...
बॉम्बे मेल- पति भाग कर गाड़ी में चढ़ गया।
बीवी से बोला- जब बॉम्बे फीमेल आये तो तू भी चढ़ जाना।



## शायरी

यहां हर किसी को दरारों में झांकने की आदत है
दरवाजे खोल दो, कोई पूछने भी नहीं आएगा

**ताजा बर्फबारी**



उत्तराखंड के चमोली जिले में ताजा बर्फबारी के बाद बद्रीनाथ मंदिर बर्फ से ढका हुआ।

## तंबाकू उत्पादों पर आज से लागू होगा अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, घरेलू सिगरेट उद्योग में आ सकती है गिरावट

नई दिल्ली। तंबाकू उत्पादों और सिगरेट पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर आज से लागू हो जाएगा। यह अतिरिक्त शुल्क या स्वास्थ्य उपकर 40 प्रतिशत के उच्चतम जीएसटी से अतिरिक्त होगा। यह उपकर मौजूदा 28 प्रतिशत जीएसटी और मुआवजा उपकर का स्थान लेगा, एक जुलाई, 2017 से लागू था। एक फरवरी से तंबाकू उत्पादों के लिए एक नया अधिकतम खुदरा मूल्य यानी एमआरपी आधारित मूल्यांकन तंत्र पेश किया जाएगा, जिसके तहत घोषित खुदरा बिक्री मूल्य के आधार पर पैकेज पर जीएसटी निर्धारित किया जाएगा। पान मसाला निर्माताओं को स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून के तहत नए पंजीकरण के लिए आवेदन करना होगा। उन्हें सभी पैकिंग मशीनों पर कार्यशील सीसीटीवी स्थापित करना होगा और उसकी फुटेज को 24 महीने तक सुरक्षित रखना होगा।

## प्रेम प्रसंग की सनक : महिला ने प्रेमी की बीवी और मासूम को जिंदा जलाया

हैदराबाद। तेलंगाना के नल्गोंडा जिले के एक गांव में शनिवार को दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। कथित प्रेम प्रसंग से नाराज एक महिला ने युवक की पत्नी और उसके छह माह के बेटे पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

इस घटना में 28 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से झुलसा मासूम इलाज के दौरान दम तोड़ बैठा। पुलिस के अनुसार, आरोपित महिला का मृतका के पति से कथित संबंध था।

युवक की शादी के बाद उपेक्षा किए जाने से नाराज होकर वह शनिवार दोपहर उसके घर पहुंची और उसके पत्नी को निशाना बनाया। घटना के समय महिला की गोद में उसका छह माह का बेटा भी था, जो आग की चपेट में आ गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपित महिला वारदात के वक्त पेट्रोल, चाकू और मिर्च पाउडर साथ लेकर आई थी। उस समय युवक घर पर मौजूद नहीं था।

मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है, जिसमें यह भी देखा जा रहा है कि युवक की कोई भूमिका तो नहीं थी। पुलिस के मुताबिक, आरोपित महिला के पति की मौत हो




चुकी है। घटना के बाद से वह फरार है और उसकी तलाश जारी है।

## मणिपुर में उग्रवादी रंगदारी मांग रहे, डर से बाजार बंद

**व्यापार संगठन ने 5 किमी लंबी रैली निकाली, सैकड़ों लोगों ने राज्य छोड़ा**

इंफाल। मणिपुर में उग्रवादी संगठन हर सेक्टर के कारोबारियों को फोन कर रंगदारी मांग रहे हैं।

व्यापारी कहते हैं कि शिकायत नहीं कर सकते, क्योंकि उनके पास हमारा लेखा-जोखा हैं। उनके डर बाजार बंद होने लगे हैं।

इसके विरोध में शनिवार को इंफाल में हजारों लोगों ने 5 किमी लंबी रैली निकाली। यह रैली सेव मणिपुर अभियान के तहत कोकोमी नामक संगठन ने आयोजित की थी।

कर्ज में डूबे मारवाड़ी, पंजाबी कारोबारी भी राज्य छोड़ रहे हैं। इस बाजार से जुड़े मारवाड़ी समुदाय के 500 परिवार में से 40-50 परिवार, पंजाबी समुदाय के 100 परिवार में से 20-25 परिवार बिजनेस ठप होने से पलायन कर चुके हैं।

### 60-65 प्रतिशत व्यापार ही हो रहा

राज्य के प्रमुख व्यापारिक केंद्र थांगल और पाउना बाजार में 60-65




प्रतिशत ही व्यापार हो रहा है। मणिपुर एफएमसीजी एसोसिएशन के प्रेसिडेंट विजय पाटनी कहते है, चुराचांदपुर, कांग्पोक्पी और चंदेल जिलों तथा आसपास के इलाकों में 30-37 प्रतिशत कारोबार होता था, जो अब बंद है।

उन्होंने बताया कि थांगल-पाउना बाजार में मारवाड़ी, जैन, पंजाबी, बिहारी, बंगाली सहित कई समुदाय के लोग बिजनेस करते थे। मणिपुर में कोई फैक्ट्री या मैन्युफैक्चरिंग यूनिट नहीं है। यहां केवल ट्रेडिंग होती है। हिंसा के बाद हिल क्षेत्र में रहने वाले गुवाहाटी, मिजोरम से माल ले रहे हैं, जिससे इंफाल वैली का मार्केट चौपट हो गया है।

एफएमसीजी के साथ पर्सनल हाइजीन का सबसे बड़ा बाजार हिल्स इलाके यानी हिंसाग्रस्त जिले थे, जो अब बंद है।


हिंसा के बाद माल गुवाहाटी, मिजोरम से आने लगा तो हमारा धंधा पूरी तरह चौपट हो गया। हिंसा की वजह से हमारा बिजनेस 3 साल पीछे चला गया है।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
82,269.78
-296.59 (0.36%)
निफ्टी:
25,320.65
-98.25

## मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 21 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 13 डिग्री से0 |
| सूर्योदय सोमवार | : | 7 : 14 |
| सूर्यास्त रविवार | : | 6 : 00 |

## रेलूराम हत्याकांड के दोषी बेटी-दामाद दोबारा जेल जा सकते हैं

**सुप्रीम कोर्ट ने रिहाई पर रोक लगाई, हाईकोर्ट को दोबारा विचार करने के आदेश**

एजेंसी

**हिसार।** हिसार में पूर्व विधायक रेलूराम हत्याकांड मामले में दोषी बेटी सोनिया और दामाद संजीव की बेल पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। साथ ही पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट को समयपूर्व हुई रिहाई पर दोबारा विचार करने के निर्देश दिए हैं।

हाईकोर्ट ने 9 दिसंबर को उम्रकैद की सजा काट रहे संजीव और सोनिया को 2 महीने की अंतरिम जमानत दी थी। इसके बाद रेलूराम के भतीजों ने सुप्रीम कोर्ट में इस फैसले तो को चुनौती दी थी।

हांलाकि जस्टिस दीपांकर दत्ता और सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि कंटमप्रेरी अथॉरिटी द्वारा रिव्यू प्रोसेस जारी रहेगी, मगर अंतिम निर्णय को पब्लिक नहीं किया जाएगा। न ही इसे लागू किया जाएगा।

बता दें कि 23 अगस्त 2001 में हिसार के लितानी गांव में फॉर्म हाउस में सोनिया ने पति संजीव के साथ मिलकर प्रॉपर्टी के लालच में पिता रेलूराम पूनिया (50), उनकी पत्नी कृष्णा देवी (41), बच्चे प्रियंका (14), सुनील (23), बहू शकुंतला (20), पोता लोकेश (4) और दो पोतियों शिवानी (2) तथा 45 दिन की प्रीति की हत्या कर दी थी।

**हत्या** | **बेटे ने शव घर में दफनाए, लापता बताकर पुलिस के साथ ढूंढ़ने का नाटक किया**

## कर्नाटक में प्रॉपर्टी के लिए मां-बाप और बहन का मर्डर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के विजयनगर जिले में पुलिस ने शनिवार को 24 साल के युवक को माता-पिता और बहन की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने हत्या के बाद तीनों के शवों को कोट्टूर स्थित उनके किराए के घर में दफना दिया था। तिलकनगर थाने की पुलिस ने शव बरामद कर लिए हैं।

पुलिस ने बताया कि कोट्टूर निवासी आरोपी अक्षय कुमार ने 29 जनवरी को बेंगलुरु के तिलकनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि उसके माता-पिता और बहन लापता हैं। इसके बाद खुद पुलिस के साथ मिलकर उन्हें ढूंढने का नाटक



करता रहा।

जांच के दौरान आरोपी ने अलग-अलग बयान दिए, जिससे पुलिस को शक हुआ। इसके बाद मामला दर्ज कर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी ने अपने पिता भीमराज, मां जयलक्ष्मी और बहन अमृता की हत्या करने की बात कबूल कर ली। हत्या कैसे की इसकी पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि हत्याएं 27 जनवरी को की गई थीं। घर में दफनाए शवों को निकालने के बाद उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। ऑटोप्सी रिपोर्ट से मौत के सही कारणों की पुष्टि होगी। पुलिस की शुरुआती जांच में वारदात के पीछे का मुख्य कारण प्रॉपर्टी विवाद सामने आया है।


### परिवार चित्रदुर्ग का रहने वाला था

भीमराज का परिवार मूल रूप से चित्रदुर्ग जिले के नायकनहट्टी गांव का रहने वाला था। काम के सिलसिले में वे लोग कई सालों से लगातार जगह बदल-बदलकर रह रहे थे। पहले वो चित्रदुर्ग में बटन की दुकान चलाते थे। उसके बाद बेल्लारी और फिर दावणगेरे में जाकर रहने लगे।

### डेढ़ करोड़ की प्रॉपर्टी विवाद का शक

दावणगेरे में उन्होंने करीब 1.5 करोड़ रुपए की लागत से एक घर बनाया था। करीब दो साल पहले यह परिवार कोट्टूरु आकर किराए के मकान में रहने लगा था। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि क्या इस हत्याकांड में अक्षय के साथ कोई और भी शामिल था।

# संपादकीय



## सच में गरीबी कम हुई है?

### आर्थिक समीक्षा के दावों के पीछे छुपी असहज सच्चाइयां



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत सरकार की आर्थिक समीक्षा 2025-26 एक बार फिर आशावादी तस्वीर पेश करती है। दावा किया गया है कि देश में गरीबी तेज़ी से घटी है। विश्व बैंक के आंकड़ों के हवाले से कहा गया है कि 2011-12 में जहाँ अत्यधिक गरीबी 27.1 प्रतिशत थी, वहीं 2022-23 में यह घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई। सुनने में यह किसी आर्थिक चमत्कार से कम नहीं लगता।

### लेकिन सवाल यह है—

क्या सचमुच भारत से गरीबी लगभग खत्म हो गई है?
या फिर आंकड़ों के ज़रिये एक सुविधाजनक कहानी गढ़ी जा रही है?

### गरीबी रेखा या आंकड़ों की रेखा?

आर्थिक समीक्षा जिन आंकड़ों पर भरोसा कर रही है, वे विश्व बैंक की 3 प्रति दिन की अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा (2021 PPP) पर आधारित हैं। भारतीय मुद्रा में यह लगभग 250 रुपये प्रतिदिन बैठता है—जिसमें भोजन, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा और परिवहन सब शामिल मान लिया गया है।

### ईमानदार सवाल उठता है—

क्या भारत में कोई परिवार 250 रुपये प्रतिदिन में गरिमापूर्ण जीवन जी सकता है?
अगर नहीं, तो क्या ऐसी गरीबी रेखा भारतीय यथार्थ को मापने का पैमाना हो सकती है?

### एक ही साल, दो अलग-अलग गरीबी दरें!

विश्व बैंक की ही रिपोर्टों में भारी विरोधाभास दिखाई देता है।
- अप्रैल 2025 की रिपोर्ट में अत्यधिक गरीबी 2.3 प्रतिशत बताई गई
- जबकि जून 2025 में वही आंकड़ा 5.3 प्रतिशत हो गया

### इतना बड़ा अंतर क्यों?

विशेषज्ञों का कहना है कि सर्वे पद्धति बार-बार बदली गई, जिससे आंकड़े मनचाहे परिणाम देने लगे।
2017-18 का घरेलू उपभोग व्यय सर्वे (HCES) 'गुणवत्ता कारणों' से रद्द कर दिया गया।
2011-12 से 2022-23 तक एक बड़ा डेटा ब्लैक-होल बना रहा।
नई HCES (2022-23, 2023-24) में प्रश्नावली बदली, जिससे पुराने वर्षों से तुलना लगभग असंभव हो गई।
यह संयोग है या रणनीति—यह सवाल अनुत्तरित है।

### विकास से गरीबी घटी या राहत से ज़िंदा है?

सरकार गरीबी में कमी का श्रेय
- प्रधानमंत्री जन धन योजना
- आयुष्मान भारत
- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना

जैसी योजनाओं को देती है।
लेकिन खुद विश्व बैंक मानता है कि गरीबी घटने का मुख्य कारण आर्थिक विकास नहीं, बल्कि वेलफेयर ट्रांसफर हैं।

### यानी साफ़ शब्दों में—

गरीबी खत्म नहीं हुई, बल्कि सरकारी सहायता से थोड़ी देर के लिए ढकी गई है।
महामारी के बाद
- अनौपचारिक क्षेत्र तबाह हुआ
- बेरोज़गारी बढ़ी
- वास्तविक मज़दूरी घटी

अगर अर्थव्यवस्था सच में मजबूत होती, तो 81 करोड़ लोग आज भी मुफ्त राशन पर निर्भर क्यों होते?

### ऊँची गरीबी रेखा, टूटा हुआ दावा

जब विश्व बैंक की ही 3.65 प्रति दिन की रेखा ली जाती है, तो गरीबी दर 28.1 प्रतिशत निकलती है।
यह 2-5 प्रतिशत के सरकारी दावों से बिल्कुल उलट तस्वीर पेश करती है।
अर्थशास्त्री हिमांशु और अन्य विशेषज्ञों के अनुसार, 2022-23 में गरीबी का अनुमान 9.9 प्रतिशत से 26.4 प्रतिशत के बीच झूलता है।
तो असली आंकड़ा कौन-सा है?
और सरकार किसे सच मानने को कह रही है?

### असमानता घटी या छुपाई गई?

आर्थिक समीक्षा कहती है कि उपभोग आधारित गिनी गुणांक घटा है—यानी असमानता कम हुई।
लेकिन आलोचकों का तर्क है कि HCES डेटा अमीरों के उपभोग को कम करके दिखाता है, जिससे असमानता कृत्रिम रूप से घटती नज़र आती है।
हकीकत यह है कि
- निचले 60-70 प्रतिशत लोगों की आय स्थिर या घटी है
- जबकि शीर्ष वर्ग की संपत्ति रिकॉर्ड स्तर पर पहुँची है

यह 'समावेशी विकास' नहीं, बल्कि शीर्ष-केंद्रित समृद्धि है।

### बहुआयामी गरीबी बनाम जमीनी सच्चाई

सरकार बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) का हवाला देकर कहती है कि 2015-16 से 2019-21 के बीच 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए।

### लेकिन 2025 तक

81 करोड़ लोग राशन पर निर्भर हैं—यह संख्या लगभग स्थिर है।

### तो सवाल उठता है—

अगर लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं, तो वे अब भी सरकारी अन्न पर क्यों ज़िंदा हैं?

### निष्कर्ष : चमकदार आंकड़े, धुंधली सच्चाई

आर्थिक समीक्षा के दावे उत्साहजनक ज़रूर हैं,
लेकिन उनके नीचे छिपी सच्चाई कहीं ज़्यादा जटिल और चिंताजनक है।

### जब तक

- पारदर्शी डेटा
- स्थिर पद्धति
- और जमीनी हकीकत पर आधारित गरीबी रेखा नहीं अपनाई जाती,

तब तक 'गरीबी में ऐतिहासिक कमी' का दावा
सिर्फ राजनीतिक प्रचार बनकर रह जाएगा।
सवाल अब भी ज़िंदा है—
क्या सरकार इन असहज सवालों का ईमानदारी से जवाब देगी,
या आंकड़ों की यह कहानी यूँ ही चलती रहेगी?

## हिमालय क्षेत्र की बर्बादी से नेताओं को नहीं कोई सरोकार

योगेंद्र योगी



इसी तरह, कुल्लू, मंडी, शिमला और चंबा जैसे प्रमुख सेब उत्पादक इलाकों में भी बर्फबारी लगभग न के बराबर हुई है। इस वजह से जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ी हैं। इस पूरे परिदृश्य को अब पर्यावरण प्रदूषण से जोड़कर देखा जा रहा है। देहरादून, ऋषिकेश और हल्द्वानी जैसे शहरों में एयर क्वालिटी इंडेक्स बार-बार बेहद खराब श्रेणी में पहुंच रहा है।

देश के राजनीतिक दल देश के लोगों के लिए कितने गैरजिम्मेदार हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हिमालय क्षेत्र में शोध पर आधारित दो महत्वपूर्ण पर्यावरणीय जानकारी के बारे में किसी ने चिंता तक जाहिर नहीं की।

इन रिपोर्टों में सर्दी के मौसम में हिमालय क्षेत्र जंगलों में लगने वाली आग के कारण और भूस्खलन के नए केंद्रों की जानकारी दी गई है। दरअसल ऐसी जानकारियों को गंभीरता से लेने पर राजनीतिक दलों के वोट बैंक में इजाफा नहीं होता।

यही वजह है अत्यंत संवेदनशील और आम जन—जीवन को प्रभावित करने वाले पर्यावरण जेसे मुद्दे राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में जगह नहीं पाते हैं।

फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के आंकड़े बताते हैं कि इस बार सर्दियों का मौसम शुरू होने के बाद 1 नवंबर से अब तक उत्तराखंड में देश में सबसे अधिक 1,756 फायर अलर्ट दर्ज किए गए हैं।

यह संख्या महाराष्ट्र (1,028), कर्नाटक (924), मध्य प्रदेश (868) और छत्तीसगढ़ (862) जैसे उन राज्यों की तुलना में काफी ज्यादा है, जो पारंपरिक रूप से जंगल में आग के मामले में अधिक संवेदनशील माने जाते हैं। आमतौर पर दिसंबर जंगल में आग के लिहाज से सबसे शांत महीना माना जाता है, लेकिन पिछले तीन सालों में उत्तराखंड के लिए यह धारणा गलत साबित हुई है।

दिसंबर में उत्तराखंड में बिल्कुल भी बारिश नहीं हुई। जंगल की जमीन में नमी का लेवल बहुत कम है। उत्तराखंड की तरह, हिमाचल में भी पिछले साल अक्टूबर के पहले सप्ताह से कोई बारिश नहीं हुई थी।

इसी तरह, कुल्लू, मंडी, शिमला और चंबा जैसे प्रमुख सेब उत्पादक इलाकों में भी बर्फबारी लगभग न के बराबर हुई है।

इस वजह से जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ी हैं। इस पूरे परिदृश्य को अब पर्यावरण प्रदूषण से जोड़कर देखा जा रहा है। देहरादून, ऋषिकेश और हल्द्वानी जैसे शहरों में एयर क्वालिटी इंडेक्स बार-बार बेहद खराब श्रेणी में पहुंच रहा है।

देहरादून में तो कई बार यह इंडेक्स 300 के पार जा चुका है, जो सीधे तौर पर लोगों की सेहत के लिए खतरनाक माना जाता है। उत्तराखंड पर्यावरण संरक्षण बोर्ड की ओर से कराए गए एक अध्ययन ने चिंता और बढ़ा दी है। रिपोर्ट में सामने आया कि पर्यावरण प्रदूषण में फॉरेस्ट फायर की भूमिका 15 से 20 प्रतिशत तक है, जो कि बेहद गंभीर आंकड़ा है।

उत्तराखंड का हिमालयी भूगोल, जलवायु परिवर्तन और तेज विकास की दौड़ मिलकर राज्य के लिए बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं।

उत्तराखंड में पिछले कुछ वर्षों में राज्य में तेज गति से सड़क निर्माण और बड़े बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स हुए हैं। इसका परिणाम यह निकला कि चारधाम यात्रा रूट के आसपास लगभग 100 नए भूस्खलन क्षेत्र पैदा हो गए। पहले से मौजूद संवेदनशील जोन भी और अधिक खतरनाक हो गए हैं।

चारधाम यात्रा और पर्यटन उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन तेजी से निर्माण कार्यों ने पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना को कमजोर किया है।

सड़क और हाइड्रो प्रोजेक्ट्स के लिए बड़े पैमाने पर ब्लास्टिंग की गई, भारी मशीनरी का उपयोग हुआ, जंगलों का व्यापक कटान किया गया। इन सभी वजहों से पुराने भूस्खलन क्षेत्र सक्रिय हुए और नए भूस्खलन क्षेत्र भी बन गए। उत्तराखंड के नेशनल हाईवे नेटवर्क पर करीब 400 भूस्खलन स्थल चिन्हित किए गए हैं।

उत्तराखंड में मानसून सीजन में हर साल प्राकृतिक आपदाओं से भारी नुकसान होता है। साल 2025 के मानसून सीजन में अब तक उत्तराखंड में रिकॉर्ड बारिश हुई है।

उत्तराखंड में 2016 से 25 तक प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं में वृद्धि हुई है, जिसमें हजारों लोगों की जान गई है। पिछले 11 वर्षों में 27,197 प्राकृतिक घटनाएं हुई हैं, जिनमें अतिवृष्टि और भूस्खलन की घटनाएं प्रमुख हैं। साल 2025 में सबसे अधिक घटनाएं दर्ज हुईं, जिसमें 720 लोगों की मौत और 1207 लोग घायल हुए थे। इन 11 सालों के आंकड़े में केदारनाथ की साल 2013 में 16 और 17 जून को आई प्राकृतिक आपदा के आंकड़े नहीं जोड़े गए हैं। उस दौरान अकेले केदारनाथ में ही 4400 से ज्यादा लोग या तो लापता हो गए थे या फिर मारे गए थे।

हिंदुकुश हिमालय का इलाका भारत, चीन, नेपाल, भूटान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, म्यांमार और बांग्लादेश तक फैला हुआ है। यहां गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र जैसी 11 बड़ी नदियां बहती हैं। वसंत के महीने में बर्फ पिघलने से ही इन नदियों को पानी मिलता है।

लगभग 17 प्रतिशत आबादी पीने के पानी की जरूरतें पूरी करने के लिए सीधे तौर पर इससे जुड़ी हुई है। इसी पानी का उपयोग सिंचाई और हाइड्रोपावर के लिए भी किया जाता है।

साइंटिफिक रिपोर्ट्स जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण हिंदुकुश हिमालय क्षेत्र के तापमान में वैश्विक औसत से 0.74एष्ट अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही साल 2003 से 2020 तक हिमालय के अधिकांश हिस्सों में बर्फ से घिरे इलाकों में गिरावट देखी गई। पहले यहां औसतन 102 दिनों तक बर्फ रहती थी। अब हर दस साल में पांच दिन कम हो रहे हैं।


भारत के मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभों के कमजोर होने से पिछले साल दिसंबर में उत्तराखंड के सभी 13 जिलों में न के बराबर बर्फ गिरी। गढ़वाल में इस साल जनवरी में बर्फबारी का अभाव देखा गया। ऐसा पिछले 40 सालों में पहली बार हुआ है। कम हिमपात के चलते जटामांसी और कुटकी जैसी महत्वपूर्ण आयुर्वेदिक जड़ीबूटियां विलुप्त हो रही हैं। हिमालयी क्षेत्रों में स्नो ड्रॉट या 'बर्फ का सूखा% जैसी स्थिति बन रही है। विशेष रूप से 3,000 से 6,000 मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में यह प्रभाव सबसे अधिक देखा गया है।

हिमाचल प्रदेश में बेलगाम विकास से पर्यावरण को हो रहे नुकसान पर सुप्रीम कोर्ट चिंता जता चुका है। कोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो हिमाचल एक दिन नक्शे से गायब हो जाएगा।

कोर्ट ने मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से जवाबतलब किया। कोर्ट ने कहा कि हिमाचल में भूस्खलन, बाढ़ और भूकंप जैसी आपदाएं मानव निर्मित हैं। बिना वैज्ञानिक अध्ययन के फोर लेन रोड बन रहे हैं और हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट लग रहे हैं। उनके लिए पेड़ काटे जा रहे हैं। पहाड़ों को बारूद से उड़ाया जा रहा है। सिर्फ राजस्व कमाना सब कुछ नहीं। पर्यावरण के विनाश की कीमत पर ऐसी कमाई हिमाचल के अस्तित्व को ही खत्म कर देगी। आश्चर्य की बात यह है कि राजनीतिक दलों को जो काम करना चाहिए उसे सुप्रीम कोर्ट को करना पड़ रहा है। अभी भी वक्त है हिमालय क्षेत्र के पर्यावरण की यदि सुध नहीं ली गई कि तो भविष्य में ज्यादा गंभीर दुष्परिणाम देखने को मिलेंगे।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3787




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:





### काकुरो - 3786 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने डाक्टर को धन्यवाद देते हुए कहा-'डाक्टर साहब! मैं आपका बहुत एहसानमन्द हूँ. आपके इलाज से मुझे बहुत फायदा पहुँचा है.'

'मगर.....?' डाक्टर ने चौंकते हुए कहा-'मैंने तो कभी आपका इलाज नहीं किया.'

'आपने मेरा तो नहीं, मगर मेरे करोड़पति चाचाजी का इलाज किया था. पिछले सप्ताह उनका देहान्त हो गया और मैं उनका एकमात्र वारिस हूँ.'

एक पिता मृत्यु की घड़ियां गिन रहा था . उसके तीन पुत्र आपस में बहस कर रहे थे. बड़ा पुत्र बोला-'एम्बूलेंस मंगा लेनी चाहिए.'

मंझला-'नहीं ! बैल ठेला कर लेंगे !'

छोटा-'कन्धे पर डालकर ले चलो !'

सुनकर पिता से रहा नहीं गया, बोला-'तुम मेरी चप्पलें ला दो, मैं खुद ही चला जाऊंगा.'

□ □ □

सीता-'मेरे बाप ने तो तैरने का रिकार्ड तोड़ दिया. पूरे तीन दिन बाद वापस लौटे हैं.'

गीता-'वह तो ठीक है. लेकिन तुम्हारे बाप हमारे बाप के सामने तो टिक नहीं सकते !'

'कैसे ?'

'मेरे बाप चार वर्ष पहले तैरने गये थे और आज तक वापस नहीं आये हैं.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3787




**बायें से दायें:-**

१. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की फिल्म-३
३. 'साथिन' की सच्ची घटना पर आधारित रघुवीर यादव, नंदिता की फिल्म-४
७. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की फिल्म-३
८. 'मेरे दिल ने जो मांगा मिल गया' गीत वाली फिल्म-४
९. बलराज, श्यामा की 'तारों की चूनर' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'क्या मैंने सोचा' गीत वाली संजय, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-२
१२. संजय, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की 'उन से पूछें' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सलमा को मिल' गीत वाली जैकी, पूनम की फिल्म-३
१४. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'दिल डूबा डूबा नीली' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्याराय का फिल्म-२
१९. अक्षय, करिश्मा की 'माथे पे चमके' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'ये चाँद सा' गीत वाली शम्मी, शर्मिला की फिल्म-३,१,२
२४. अरूण गोविल, साहिला की 'मेरी चढ़ती जवानी समझे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरा कुछ सामान' गीत वाली शशिकपूर, नसीर, रेखा की फिल्म-४
२९. अक्षय, रवीना की 'सुबह से लेकर' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'तू ने कहा जब से' गीत वाली अक्षय, करीना कपूर की फिल्म-३
३१. अजय, पूजा, सोनाली की 'हम यहाँ तुम यहाँ' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
२. अशोक, बीना की 'जाता हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२,१
३. 'इश्क में दिल' गीत वाली नसीर, डिम्पल की फिल्म-४
४. सनी, शाहरूख, जूही की फिल्म-२
५. १९९४ में आई मिथुन, गोविंदा, योगिता की एक फिल्म-४
६. जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. 'आगे सुख तो' गीत वाली अनिल, विजया की फिल्म-३
१२. विवेक, दीया की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१३. राजकुमार, मीना की फिल्म-३
१४. संजयदत्त, पूजा की 'जब जब प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१७. राजेंद्रकुमार, वहीदा रहमान की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दो नैनों के पंख' गीत वाली फिल्म-२
२०. सनी, समीरा की 'नशा है आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'गैर से अंख लड़ाई' गीत वाली फिल्म-३
२३. विनोद, डिम्पल की 'चंपई धूप के' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'मेरा मन भंवरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. मिथुन, अतुल, पूजा की फिल्म-३
२७. 'देखो देखो जानम हम' गीत वाली फिल्म-२
२८. सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3786



## सूडोकु -3787


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3786 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## शब्द पहेली - 3787



**बाएँ से दाएँ**

1.ईष्ट कृपा,वर-4
3.मान का विलोम-4
8.शैतानी करना-4,3
10.झगड़ा,बैर-3
11.जंगल,वन-3
13.सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15.जलने के बाद बचे अवशेष-2
17.कार्य-2
18.पतवार-2
19.नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21.नमस्कार-3
25.बूंद-3
26.जिज्ञासा,लगन-3
27.आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30.मां के माता-पिता-2,2
31.रपटना-4

**ऊपर से नीचे**

2.वलय,घेरा-3
4.तीन घंटे का समय-3
5.खिसकना-4
6.उन्मादी,मदमस्त-4
7.यज्ञ,होम-3
8.नगर-3
9.तिरस्कृत-3
12.रूप अभिमान-3
13.शांति-3
14.प्रतिज्ञा-3
16.सहभोज-3
20.मोजा, पायताबा-3
22.उदारता-4
23.परवरिश करना-3
24.वचन तोड़ना-4
25.लेखनी-3
28.लिखावट-3
29.अमीर,धनवान-3

### शब्द पहेली -3786 का हल



# यीडा बोर्ड की बैठक में बड़े फैसले

## राया हेरिटेज सिटी से लेकर ओटीएस, स्कूल, किसानों और अटकी परियोजनाओं तक अहम निर्णय

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की 88वीं बोर्ड बैठक में मथुरा की राया हेरिटेज सिटी परियोजना की समीक्षा की गई। इसे पीपीपी मॉडल पर आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई। बोर्ड के समक्ष संशोधित लेआउट रखा गया, जिसमें वृंदावन बाइपास के पास 17.5 हेक्टेयर का पिलग्रिम गेटवे कॉम्प्लेक्स प्रस्तावित है। परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण या क्रय की जिम्मेदारी यीडा की होगी।

बोर्ड ने संकेत दिए कि बांके बिहारी मंदिर विकास परियोजना से प्रभावित होने वाले परिवारों को हेरिटेज सिटी क्षेत्र की आवासीय योजनाओं में आरक्षण देने पर मौजूदा नीति के तहत विचार किया जाएगा, हालांकि इस पर अंतिम मंजूरी फिलहाल नहीं दी गई। वृंदावन में होटल और ठहराव की कमी को देखते हुए अधिसूचित क्षेत्र में आवासीय व मिक्स्ड-यूज योजनाएं लाने पर भी विचार किया जाएगा।

### ओटीएस की डेडलाइन नहीं बढ़ेगी, 28 फरवरी अंतिम तारीख

बोर्ड ने साफ कर दिया कि वन टाइम सेटलमेंट स्कीम की समयसीमा 28 फरवरी के बाद नहीं बढ़ेगी। अधिकारियों ने बताया कि यीडा क्षेत्र में 7,197 डिफॉल्टर अलॉटी हैं, जिन पर करीब 4,948 करोड़ बकाया है।




अब तक सात बार स्कीम लागू होने के बावजूद केवल 117 आवेदन आए हैं।

28 फरवरी के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं होगा। स्कीम के तहत एकमुश्त भुगतान पर ब्याज माफी और मूल राशि पर 2 प्रतिशत छूट, या किस्तों का विकल्प उपलब्ध है।

### मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल को 1 रुपये प्रति वर्ग मीटर पर जमीन

शिक्षा ढांचे को मजबूत करने के लिए बोर्ड ने सेक्टर-34 (पीएस-01) में 6 एकड़ जमीन 1 रुपए प्रति वर्ग मीटर की दर से मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल के लिए आवंटित करने को मंजूरी दी। यह स्कूल प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक संचालित होगा। जमीन बेसिक शिक्षा विभाग को संस्थागत श्रेणी में दी जाएगी, जिसमें भूमि उपयोग परिवर्तन या ट्रांसफर की अनुमति नहीं होगी।

### अटकी रियल एस्टेट परियोजनाओं में प्रगति

अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों के तहत अटकी परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। नीति के अंतर्गत शामिल 11 ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट्स में से 9 डेवलपर्स ने अपने शुद्ध बकाये का 25 प्रतिशत (करीब 402 करोड़) जमा किया है। इन 7 परियोजनाओं में 6,828 होमबायर्स शामिल हैं। अब तक 418 फ्लैट्स की रजिस्ट्री हो चुकी है और आगे की कार्रवाई नीति के अनुसार की जाएगी।

### किसानों को मुआवजे में 2,986 करोड़ का भुगतान

किसान मामलों पर बोर्ड को बताया गया कि 2014-15 से 2025-26 के बीच 2,986 करोड़ अतिरिक्त मुआवजा दिया गया है। इसमें जयप्रकाश इंफ्राटेक द्वारा स्वनिष्ठ के तहत दिए गए 76.96 करोड़ भी शामिल हैं।

29 गांवों के 6,263 किसानों को 7 प्रतिशत आबादी भूखंड के आरक्षण पत्र जारी किए जा चुके हैं, जिनमें से 4,246 भूखंड विकसित हो चुके हैं। शेष के लिए भूमि अधिग्रहण जारी है।

### इंडस्ट्रियल पार्क्स अगले साल तक होंगे ऑपरेशनल

बोर्ड ने अपैरल पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क, MSME पार्क, टॉय पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों के मुताबिक सभी पांचों पार्कों में निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। विवादित भूमि की खरीद इस साल और अगले साल तक पार्कों को ऑपरेशनल करने का लक्ष्य रखा गया है।

### यीडा की वित्तीय स्थिति

यीडा की वित्तीय स्थिति पर भी चर्चा हुई। कैपिटल रिसीट्स 20 जनवरी 2025 को 2,217 करोड़ से बढ़कर 20 जनवरी 2026 को 2,669 करोड़ हो गईं। वहीं, रेवेन्यू खर्च इसी अवधि में 2,293 करोड़ से बढ़कर 5,498 करोड़ तक पहुंच गया। कुल मिलाकर, यीडा बोर्ड की इस बैठक में शहरी नियोजन, शिक्षा, किसानों, रियल एस्टेट और औद्योगिक विकास से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए, जिनका असर आने वाले महीनों में जमीन पर दिखने की उम्मीद है।

# नोएडा में चार दिन चलेगा फ्लावर शो

**केदारनाथ मंदिर के होंगे भव्य दर्शन, 1200 फूलों की प्रजातियों को करेंगे शामिल, बनेगा फूड कोर्ट**



**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-33ए स्थित चिल्ड्रन पार्क में चार दिन के लिए फ्लावर शो आयोजित किया जाएगा। शो में प्रवेश करते ही केदारनाथ मंदिर के दर्शन होंगे। जिसे फूलों से बनाया जाएगा।

ये मंदिर 30 फीट लंबा और 40 फीट ऊंचा बनाया जाएगा। जिसे गुलाब के कई प्रजातियों के फूलों से सजाया जाएगा। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 68 लाख रुपए है।

इसके अलावा शो में भगवान शंकर त्रिशूल और डमरु भी बनेगा। जिसकी तीन फीट हाइट होगी। फ्लावर शो का प्रवेश द्वारा आकर्षक बनाया जाएगा। जिसे प्राचीन मंदिर के भव्य गेट का लुक देंगे।

ये गेट करीब 22 फीट चौड़ा और करीब 25 फीट ऊचा बनाया जाएगा। जिसे अलग-अलग रंग के गुलदाउदी से सजाया जाएगा। इसको बनाने में करीब 7 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

शो के पाथ वे को आकर्षक बनाने के लिए साइड बास्केट कांसेप्ट लाया जा रहा है। ये पहली बार होगा। पाथ के दोनों ओर करीब 7 फीट में पांच सेट लगाए जाएंगे। गुलाब और गुलदाउदी से सजाया जाएगा। इसके अलावा दूसरे प्रवेश द्वार भी और फूलों से बनाए जांएगे।

### चार दिन चलेगा फ्लावर शो

फ्लावर शो का आयोजन 19 फरवरी से 22 फरवरी तक होगा। इस दौरान पेड़ पौधों की जानकारी भी दी जाएगी। कई प्राचीन पेड़ों के अलावा अलग-अलग संस्थान की गार्डेनिंग भी यहां होगी। जिनको अंतिम दिन पुरस्कृत किया जाएगा।

### 1200 प्रजातियों को किया जाएगा शामिल

इस बार फ्लावर शो में करीब 1200 प्रजातियों के पुष्पों को रखा जाएगा। विदेशी के साथ देशी ब्रीड के पौधों को शामिल किया जा रहा है। 60 से ज्यादा नर्सरी और बच्चों के मनोरंजन और फूड कोर्ट भी यहां बनाया जाएगा। जिसमें लोग मनोरंजन कर सकेंगे। शो में किसी प्रकार का टिकट नहीं होगा।

# ग्रेनो वेस्ट में बिजली आपूर्ति और बेहतर होगी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट इलाके में बिजली आपूर्ति और बेहतर हो जाएगी। क्षेत्र के इटेड़ा स्थित 33 केवी बिजली घर की क्षमता बढ़ाने का काम किया जाएगा। इसके लिए 10 एमवीए क्षमता का एक और ट्रांसफार्मर जल्द लगाया जाएगा। जलपुरा के बिजली घर से लाइन जोड़ने का काम पूरा हो गया है। इससे दर्जन भर से अधिक सोसाइटी व गांव के लोगों को फायदा मिलेगा। गर्मी के मौसम में ओवर लोडिंग की वजह से ट्रिपिंग की समस्या दूर हो जाएगी। शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा के एसीईओ सुनील कुमार और एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बिजली घर का जायजा लिया। दो सप्ताह में इसे ऊर्जीकृत यानी चालू करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारी के मुताबिक इटेड़ा बिजली घर को जलपुरा स्थित 220 केव क्षमता के बिजली घर से जोड़ा जाएगा। जलपुरा से इटेड़ा बिजलीघर तक लाइन डालने का काम लगभग पूरा हो गया है। इस कार्य पर लगभग 8 करोड रुपये खर्च हुए हैं। बिजली घर की 10 एमवीए क्षमता बढ़ने से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों के लिए बिजली आपूर्ति और बेहतर हो जाएगी। बता दें कि शहर की आबादी बढ़ने से बिजली की मांग में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। इसके लिए मौजूदा नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने के साथ नए बिजली घर बनाने की योजना पर भी काम चल रहा है। बादलपुर में भी बिजली घर का निर्माण किया जाएगा। एसटीपी के कार्यों का भी जायजा लिया- एसीईओ ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर ईकोटेक- तीन स्थित 20 एमएलडी क्षमता के सीवरेज शोधित संयंत्र (एसटीपी) में चल रहे रखरखाव और संचालन के कार्यों का भी जायजा लिया। शोधित जल के पैरामीटर बीओडी, सीओडी, टीएसएस, टीएन और पीएच फैक्टर आदि पैरामीटर की रिपोर्ट को भी जांचा। अधिकारी के मुताबिक सभी पैरामीटर मानकों के अनुरूप मिले। एसीईओ ने शोधित जल के अधिकतम उपयोग के लिए योजना तैयार करने के निर्देश दिए। बता दें कि इस एसटीपी से औद्योगिक सेक्टर ईकोटेक-3, हबीबपुर, सुत्याना, जलपुरा, हल्दौनी व कुलेसरा गांव जुड़े हुए हैं। इन जगहों से निकलने वाले सीवरेज को शोधित किया जाता है।

# एमएनसी में 300 को नौकरी का झांसा, 5 गिरफ्तार

## नोएडा पुलिस ने पकड़ा कॉल सेंटर, दिखाते थे मंत्रालय की आईडी, प्रोसेसिंग के नाम पर मांगते थे 25 हजार

**नोएडा।** एमएनसी कंपनियों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर देशभर के बेरोजगार युवकों के साथ ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश शनिवार को फेज वन और साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने किया।

ठगी का कॉल सेंटर फेज वन थाना क्षेत्र के सेक्टर छह में संचालित हो रहा था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने ठगी करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्ताार किया। उनके पास से लैपटॉप मोबाइल और विभिन्न मंत्रालय के फर्जी दस्तावेज बरामद हुए हैं।

ये लोग अब तक करीब 300 से ज्यादा लोगों से ठगी कर चुके है। इनके पांच बैंक खातों में 10 लाख रुपए को फ्रीज किया गया।

जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने आज तक एक भी युवक को नौकरी नहीं दिलाई, बल्कि रजिस्ट्रेशन और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर हजारों रुपये ठगे।

यह फर्जी कॉल सेंटर पहले नोएडा के सेक्टर दो में चल रहा था। आरोपी खुद को विभिन्न नामी कंपनियों और सरकारी मंत्रालयों जिसमें मिनिस्ट्री ऑफ लेबर एंड इंप्लायमेंट की आईडी दिखाकर युवाओं का विश्वास जीतते थे।



### एनसीआरपी में दर्ज 25 शिकायत

एनसीआरपी पोर्टल पर भी इस गैंग से जुड़ी 25 से अधिक शिकायतें दर्ज पाई गई हैं। एडिशनल डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी बेरोजगार युवाओं का डाटा विभिन्न ऑनलाइन पोर्टल से जुटाते थे।

इसके बाद कॉल सेंटर से फोन कर खुद को एचआर मैनेजर या रिक्रूटमेंट एजेंसी का अधिकारी बताते थे। युवकों को भरोसे में लेने के लिए मल्टीनेशनल कंपनियों में नौकरी लगवाने का दावा किया जाता था।

### 25 हजार तक वसूलते थे पैसा

आरोपी रजिस्ट्रेशन फीस, प्रोसेसिंग चार्ज, दस्तावेज सत्यापन और ट्रेनिंग के नाम पर दो हजार से लेकर 25 हजार रुपये तक वसूलते थे। रकम मिलने के बाद या तो कॉल बंद कर दी जाती थी या फिर नई-नई फीस के नाम पर और पैसे मांगे जाते थे। ठगी को असली दिखाने के लिए भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की फर्जी आईडी, लेटरहेड और दस्तावेज का इस्तेमाल कर रहे थे।

### 24 मोबाइल फोन बरामद

इसके अलावा फर्जी बैंक खातों, चेकबुक, डेबिट और क्रेडिट कार्ड का भी उपयोग किया जा रहा था। आरोपियों के पास से पांच लैपटॉप,24 मोबाइल फोन,तीन फर्जी मोहर, 11 फर्जी भारत श्रम विभाग की आईडी और 19 डेबिट/क्रेडिट/पैन व अन्य कार्ड बरामद हुए हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ठगी के लिए गिरोह के सरगना ने 30 हजार रुपए महीने के हिसाब से सेक्टर छह में एक फ्लोर किराए पर लेकर रखा था। इसी जगह पर ठगी के लिए पूरा सेटअप तैयार किया गया था। बेरोजगार युवकों को जो लोग कॉल करते थे उन्हें भी ठगी की पूरी जानकारी थी।

इसके एवज में उन्हें सैलरी के साथ मोटा कमीशन भी मिलता था। सरगना सभी कर्मचारियों को रोजाना एक लक्ष्य देता था जिसे उन्हें पूरा करना होता था।

### हरियाणा और दिल्ली के हैं आरोपी

आरोपियों की पहचान हरियाणा के गुरुग्राम निवासी 32 साल के दुर्गेश कुमार और 29 साल सोनू कुमार, दिल्ली के उत्तम नगर निवासी 29 साल पुनीत सिंह, सहारनपुर निवासी 24 साल अमन शर्मा और और बिहार के सिवान निवासी आलोक के रूप में हुई है। दुर्गेश ही गिरोह का सरगना है। सभी आरोपी वर्तमान में नोएडा के अलग-अलग जगह पर किराए पर फ्लैट और कमरा लेकर रह रहे हैं।

# नोएडा पुलिस ने 12 लाख के मॉल समेत 4 पकड़े

## 15 लैपटॉप , 4 मोबाइल फोन बरामद, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद थे टारगेट

**नोएडा।** नोएडा की थाना फेज-3 पुलिस ने एक गैंग के चार बदमाशों को पकड़ा है। इनके पास से 12 लाख की कीमत का सामान मिला है। इसमें 15 लैपटॉप, 4 मोबाइल फोन और दो बाइक मिली है। ये लोग गैंग बनाकर दिल्ली , नोएडा और गाजियाबाद से लैपटॉप , मोबाइल चोरी करते है। पुलिस अन्य राज्य और जनपद से इनकी जानकारी ले रही है।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इनके नाम आमिर खान उर्फ कालू निवासी गढ़ी चौखण्डी नोएडा, उम्र करीब 23 साल और 9वीं तक पढ़ा है। इसी तरह योगेन्द्र चौहान उर्फ लंका निवासी बहलोलपुर नोएडा उम्र करीब 25 साल और 12वीं तक पढ़ा है। अभिषेक कुमार निवासी गढ़ी चौखंडी नोएडा उम्र करीब 23 साल 11वीं तक पढ़ा है। अर्जुन निवासी सरिता विहार, दिल्ली है। उम्र करीब 38 साल है। पढ़ा लिखा नहीं है।



### सामान बेचकर करते थे मौज मस्ती

डीसीपी ने बताया कि ये लोग गैंग बनाकर चोरी करते है। ये लोग पहले टारगेट फिक्स करते है इसके बाद एक ध्यान भटकाता है और दूसरा लैपटॉप या मोबाइल चोरी कर फरार हो जाता है। ये लोग चोरी किए गए मॉल आमिर को बेचते है। आमिर की इलेक्ट्रानिक्स का काम करता है। जिससे जो पैसा मिलता है उसे आपस में बांट लेते है। इन पैसों से मौज मस्ती करते है।

### बंद घर थे टारगेट

दिल्ली एनसीआर की सोसाइटी और सेक्टर में ये घूम कर रैकी करते है। एक बार जानकारी पुष्ट होने पर कि घर बंद है उसके बाद ताला तोड़कर उसमें रखा सामान और लैटपॉट चोरी करते है। इसके बाद उसे अपने साथी को बेच देते है।

# ग्रेटर नोएडा : नामकरण समारोह में हमला, तीन घायल

## पड़ोसियों पर जानलेवा हमले का आरोप, एक करंट से झुलसा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के फलैदा गांव में शुक्रवार को एक नामकरण समारोह के दौरान पड़ोसियों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। इस हमले में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से एक युवक करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

ग्रामीण लखन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके भाई सुभाष के घर पर बच्चे के नामकरण का कार्यक्रम चल रहा था। परिवार के सभी सदस्य वहां मौजूद थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोग लाठी-डंडों से लैस होकर घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे।

जब परिवार के सदस्यों ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में राजू और उनकी मां ओमवती को गंभीर चोटें आईं। हमले के दौरान आरोपियों से बचकर भागने की कोशिश में पीड़ित का भतीजा संजू एक हाइटेंशन लाइन से टकरा गया। करंट लगने से वह झुलस गया और छत से नीचे गिर गया।

## जेवर में 20 लाख की चोरी का खुलासा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र में हुई 20 लाख रुपये की नकद चोरी का पुलिस ने शुक्रवार शाम खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में चार बाल अपचारियों को हिरासत में लिया है और उनके कब्जे से चोरी की पूरी रकम बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार, जेवर कस्बे के निवासी पार्षव कुमार के घर से अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखे 20 लाख रुपये चोरी कर लिए थे। घटना के समय पीड़ित अपने घर पर मौजूद नहीं थे। जब वे वापस लौटे तो अलमारी से नकदी गायब मिली। पीड़ित ने तत्काल डायल-112 पर सूचना दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि यह रकम उन्होंने अपनी जमीन बेचकर प्राप्त की थी, जिसे घर की अलमारी में रखा हुआ था। तहरीर के आधार पर थाना जेवर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना जेवर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिनके आधार पर कार्रवाई की गई।

# एमएसएमई की हर समस्या को दूर करेगा यूपी एमएसएमई वन कनेक्ट

## रैंप कार्यक्रम के तहत जिले में हुई एकीकृत जागरूकता कार्यशाला

ग्रेटर नोएडा। साइट-4 स्थित निजी होटल में शुक्रवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के सशक्तिकरण और समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से रैंप कार्यक्रम के तहत एक कार्यशाला हुई।

इसमें उद्यमियों, उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों, वित्तीय संस्थानों और सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए अपर आयुक्त एवं प्रबंध निदेशक यूपीएसआईसी राज कमल यादव ने राज्यस्तरीय डिजिटल प्लेटफॉर्म यूपी एमएसएमई वन कनेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह पोर्टल एमएसएमई के लिए वन-स्टॉप डिजिटल समाधान के रूप में कार्य करेगा। पोर्टल पर इंसेंटिव कैलकुलेटर, विशेषज्ञ परामर्श, प्रशिक्षण कार्यक्रम और औद्योगिक भूमि की रियल-टाइम उपलब्धता जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे निवेश प्रक्रिया सरल होगी। साथ ही फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स को एमएसएमई के लिए लागत-कुशल और प्लग-एंड-प्ले समाधान बताया। अपर मुख्य सचिव एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग आलोक कुमार ने एमएसएमई को अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धात्मकता, गुणवत्ता और वैल्यू-चेन एकीकरण से उत्तर प्रदेश के एमएसएमई वैश्विक स्तर पर पहचान बना सकते हैं। राज्य में बेहतर औद्योगिक वातावरण के चलते श्रमिकों के पलायन में कमी आई है।

# शार्ट न्यूज

## नोएडा में नाले में गिरे युवक को निकाला

**नोएडा।** नोएडा पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारियों ने नाले में गिरे एक युवक को बचा लिया। तत्काल दमकल की टीम मौके पर पहुंची। सीढी लगाई गई और रेस्क्यू शुरू किया गया। करीब 15 से 20 मिनट में व्यक्ति को बाहर निकाला। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। थाना फेज-3 पुलिस ने बताया कि शब्बीर सेक्टर-71 की झुग्गियों में एक परिवार के यहां आता-जाता रहता था। शनिवार को भी वो वहां आया। लेकिन व्यवहार गलत लगने पर परिजनों ने चिल्ला दिया। जिसके बाद वहां लोग एकत्रित हो गए। लोगों को देखकर व्यक्ति भागने लगा। इस दौरान इसका पैर फिसल गया और नाले में गिर गया। वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर दमकल और पुलिस की टीम पहुंची। उन्होंने 15 से 20 मिनट में व्यक्ति को बाहर निकाला। वो बिल्कुल स्वस्थ्य है।

## ग्रेटर नोएडा के खेरली नहर मार्ग पर भीषण जाम

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के खेरली नहर मार्ग पर शाम के समय भीषण जाम की स्थिति बन रही है। इस मार्ग से ग्रेटर नोएडा की ओर जाने वाले लोग रोज़ाना घंटों जाम में फंसे रहते हैं। खासतौर पर ऑफिस और ड्यूटी से लौटने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घंघोला पुलिस चौकी के पास हालात सबसे ज्यादा गंभीर हैं। यहां शाम के समय महज 100 मीटर का फासला तय करने में करीब 40 मिनट तक का समय लग रहा है। जाम के चलते वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं और अक्सर अफरा-तफरी का माहौल बना रहता है। इन दिनों शादी-विवाह का सीजन चल रहा है, जिसके कारण सड़कों पर वाहनों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। इससे जाम की समस्या और विकराल हो गई है। यह मार्ग दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, बुलंदशहर, कानपुर और लखनऊ जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण रास्ता है, ऐसे में जाम का असर दूर-दराज तक देखने को मिल रहा है।

## बीजेपी के शक्ति केंद्र प्रभारी ने इस्तीफा दिया

जेवर। ग्रेटर नोएडा के जेवर में यूजीसी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के शक्ति केंद्र प्रभारी और पांच बूथ अध्यक्षों ने इस्तीफा दे दिया है। यह घटना शनिवार को थोरा गांव में हुई। इस्तीफा देने वालों में थोरा गांव के शक्ति केंद्र प्रभारी राम प्रकाश शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यूजीसी को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, जिससे सवर्ण समाज में भारी आक्रोश है। राम प्रकाश के अनुसार, सवर्ण समाज हमेशा से बीजेपी का समर्थक रहा है, लेकिन इस एक्ट में समाज को शोषण और अत्याचार करने वाला दर्शाया गया है। इस कारण उन्हें बीजेपी की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में विरोध का सामना करना पड़ रहा है। राम प्रकाश के साथ बूथ अध्यक्ष खुशीराम, संजू, सुधीर, वीरेंद्र और प्रथिराय ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

## औद्योगिक पार्कों में भूखंडों की योजना लाने की तैयारी

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण यीडा सिटी के औद्योगिक पार्कों में खाली पड़े भूखंडों की योजना लाने की तैयारी में है। साथ ही कुछ जमीन भी खरीदी जानी है। इसकी प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद योजना शुरू की जाएगी। अधिकारी के मुताबिक यीडा सिटी में एमएसएमई पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क, टॉय पार्क, अपैरल पार्क आदि औद्योगिक पार्क विकसित किए जा रहे हैं। इन पार्कों में अभी कुछ भूखंड खाली पड़े हैं। सर्वेक्षण कर ऐसे भूखंड चिन्हित कर लिए गए हैं। इन सेक्टरों में बाकी बची जमीन किसानों से खरीदने का काम पूरा होने के बाद योजना शुरू की जाएगी। वहीं मेडिकल डिवाइस पार्क में 22 भूखंडों की योजना निकाली गई है।एसीईओ शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि मेडिकल डिवाइस पार्क में भूखंडों की योजना निकाली गई है,जिसमें आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## डिलिवरी ब्वॉय के बैग से चार पार्सल चोरी

नोएडा। सेक्टर 168 स्थित गोल्डन पॉम सोसाइटी में चोरों ने डिलीवरी देने गए डिलीवरी ब्वॉय के कीमती इलेक्ट्रानिक सामान के चार पार्सल चोरी कर लिए। वारदात के समय पीड़ित सोसाइटी के अंदर सामान की डिलीवरी करने गया था। पीड़ित की शिकायत पर एक्सप्रेसवे थाने की पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। आगरा निवासी सुमित वर्तमान में भंगेल गांव में किराये पर रहते हैं। वह डिलीवरी ब्वॉय का काम करते हैं। बीते दिनों सुमित सेक्टर-168 स्थित एक सोसाइटी के फ्लैट में डिलिवरी देने गए थे। उन्होंने अपनी बाइक सोसाइटी के बाहर खड़ी की। पार्सल रखने वाला बैग भी बाइक में ही टंगा रहने दिया।जब वह लौटे तो देखा कि पार्सल बैग खुला हुआ है। चेक करने पर पता चला कि बैग से चार पार्सल गायब है।

## टेंपो पलटने से युवक की मौत, दोस्त घायल

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में एक टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में टेंपो सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त घायल हुआ है। इस मामले में मृतक युवक की मां ने टेंपो चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक विजयनगर गाजियाबाद की रहने वाली महिला कृष्णा रानी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। कृष्णा ने पुलिस को बताया की 11 दिसंबर 2025 को उसका बेटा राहुल अपने दोस्त विनोद के साथ एक टेंपो में सवार होकर ग्रेनो वेस्ट से गाजियाबाद की तरफ आ रहे थे।बिसरख कोतवाली क्षेत्र में तिगड़ी गोल चक्कर के समीप चालक ने तेज व लापरवाही से टेंपो को चलाते हुए उसे पलट दिया।

## सेक्टर-50 में क्लब में खुलेगा रेस्तरां-बार

नोएडा। सेक्टर-50 में बने क्लब में रेस्तरां के साथ बार भी खुलेगा। इसके संचालन के लिए नोएडा प्राधिकरण एजेंसी का चयन करेगी। इसका टेंडर जारी हो गया है। प्राधिकरण ने 13 फरवरी तक आवेदन मांगे हैं। चुनी जाने वाली एजेंसी को आय का एक निश्चित हिस्सा प्राधिकरण को भी देना होगा। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि क्लब की मेंबरशिप भी जल्द खुलेगी। तैयारी यह है कि फरवरी में इसके आवेदन लिए जाएं। इसमें सेक्टर-50 के निवासियों के लिए मेंबरशिप फीस 1 लाख तो बाहर के सेक्टर के निवासियों के लिए 3 लाख रुपये रखने की तैयारी है। करीब 2.39 करोड़ रुपये की लागत से इमारत तैयार की जाएगी। इसमें सिविल का काम 95 लाख रुपये व बिजली का 1 करोड़ 44 लाख रुपये का है।

## फ्लैट खरीदारों ने किया प्रदर्शन

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित आम्रपाली वेरोना हाइट्स बिल्डर परियोजना में फंसे फ्लैट खरीदारों ने शनिवार को बिल्डर परियोजना पहुंचकर प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि 12 साल पहले फ्लैट बुक किया था। एनबीसीसी कोर्ट रिसीवर की निगरानी में आम्रपाली के 24 टावरों को तैयार कर रही है। 2022-23 में छह महीने के अंतराल में परियोजना पूरी कर फ्लैट पर कब्जा देने का वादा किया गया, लेकिन तीन साल बाद भी उन्हें फ्लैट हैंडओवर नहीं किए गए हैं। परियोजना में 24 टावर है। पांच हजार फ्लैट खरीदार फंसे हैं। 12 टावरों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। पिछले करीब एक साल से फ्लैट पर कब्जा देने की बात चल रही है। हर महीने अगले महीने कब्जा देने का वादा कर पल्ला झाड़ लिया जाता है।

## ग्रेनो प्राधिकरण ने 25 सोसाइटी पर लगाया जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा।** बिना शोधित किए ही सीवर नालों में बहा रहीं 25 सोसाइटियों पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कार्रवाई की है। ऐसी 25 सोसाइटी पर निरीक्षण में एसटीपी नहीं सुचारू मिलने पर पांच-पांच लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है।सीईओ एनजी रवि कुमार को इन सोसाइटी की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद निरीक्षण कर जांच कराई गई। सीवर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव ने बताया कि मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया तो 25 सोसाइटियों में एसटीपी अक्रियाशील मिले। सोसाइटी प्रबंधन द्वारा झूठी रिपोर्ट दी गई थी। इस पर कार्रवाई करते हुए प्रत्येक सोसाइटी पर 5 - 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इनमें से तीन ने जुर्माना राशि जमा कर दिया है।

# सड़क सुरक्षा अभियान एक माह का नहीं, निरंतर चलने वाला प्रयास : जिलाधिकारी







जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भले ही सड़क सुरक्षा माह एक माह का अभियान था, लेकिन इसकी आवश्यकता पूरे वर्ष बनी रहती है। सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे जान-माल की भारी क्षति हो रही है। इसे रोकने के लिए हमें अपने व्यवहार में बड़ा बदलाव लाना होगा। अन्य देशों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यदि सभी नागरिक अनुशासनपूर्वक वाहन चलाएं तो सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चे इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, जो भावनात्मक रूप से अपने माता-पिता और परिजनों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

### जीरो मृत्यु दर के लक्ष्य पर काम कर रहा जिला प्रशासन : अपर पुलिस अधीक्षक

अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन ही सुरक्षा का सबसे सशक्त माध्यम है।

उन्होंने बताया कि जनपद पीलीभीत को जीरो मृत्यु दर जनपद के रूप में चिन्हित किया गया है। इसके तहत जनपद में जेडएफडी योजना लागू की गई है, जिसमें दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए थानावार पांच क्रिटिकल कॉरिडोर टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि जो जितना अधिक सतर्क रहेगा और सुरक्षा उपाय अपनाएगा, वह उतना ही सुरक्षित रहेगा।

### पूरे माह चले जागरूकता और प्रवर्तन अभियान : एआरटीओ

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने सड़क सुरक्षा माह की आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि पूरे माह जन-जागरूकता अभियान, प्रवर्तन कार्रवाई, जनप्रतिनिधियों की सहभागिता, आपातकालीन चिकित्सा सुविधा, जीरो फैटालिटी योजना और सड़क संरचना सुधार जैसे विषयों पर कार्य किए गए। वाहन चालकों का प्रशिक्षण, स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण कराया गया। हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने वालों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया।

द्वितीय सप्ताह में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की गई। नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान के तहत जनपद के सभी पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट वाहन चालकों को ईंधन न देने की कार्रवाई की गई। तृतीय सप्ताह में स्कूल वाहनों की सघन जांच कर सुरक्षा मानकों की पुष्टि की गई। अंतिम सप्ताह में ढाबों के बाहर खड़े अनाधिकृत वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया तथा सभी विकास खंडों में जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित कर ग्राम प्रधानों, पंचायत सदस्यों और पंचायत सचिवों को जीरो फैटालिटी डिस्ट्रिक्ट, राहवीर योजना और कैशलेस उपचार योजना की जानकारी दी गई।

# 3000 खाने के बिल के लिए दो दोस्तों का मर्डर

**गाजियाबाद में ढाबे के कर्मचारियों ने चाकू मारे, साथी जान बचाकर भागे**




**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में ढाबे पर दो दोस्तों की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। ढाबे के कर्मचारियों ने वारदात को अंजाम दिया। दोनों युवक अपने तीन और दोस्त के साथ दो बाइकों से ढाबे पर पहुंचे। खाना खाया।

आरोप है कि ढाबे के कर्मचारियों ने उनसे 3 हजार का बिल मांगा। इतना बिल सुनते ही युवक भड़क गए। उनकी मालिक और कर्मचारियों से कहासुनी हो गई। गुस्से में ढाबे के कर्मचारियों ने दोनों युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। मारपीट देखकर दोनों युवकों के साथी भाग गए।

शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। घटना खोड़ा इलाके के वैष्णो ढाबे पर शुक्रवार देर रात हुई। मृतकों की पहचान सत्यम (25) और श्रीपाल (26) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात 10 बजे वैष्णो ढाबा पर खोड़ा के रहने वाले सत्यम (25) और उसका दोस्त श्रीपाल (26) तीन और दोस्तों के साथ खाना खाने पहुंचे थे। उन्होंने वेज थाली ऑर्डर की। खाने के बाद स्टाफ ने बिल थमाया। बताया जा रहा है कि 3 हजार रुपये का बिल आया था।

सत्यम और श्रीपाल ने कहा कि बिल ज्यादा आया है। इसे लेकर ढाबे वालों से कहासुनी हो गई। कहासुनी गाली-गलौज तक जा पहुंची। ढाबा मालिक ने अन्य कर्मचारियों को बुला लिया। वे सत्यम और उसके दोस्त श्रीपाल से मारपीट करने लगे। मारपीट होते देख उनके दोस्त भाग गए। इसी दौरान ढाबे वालों ने चाकू से गोदकर दोनों की हत्या कर दी।

ढाबा मालिक धर्मेंद्र ने पुलिस को पूछताछ में बताया- श्रीपाल बिल देखने के बाद गाली देने लगा। हम लोगों ने उसे मना किया लेकिन वह नहीं माना। मैंने उसे पलटे से मारा। श्रीपाल और उसका दोस्त सत्यम कर्मचारियों से मारपीट करने लगे। इसी दौरान कर्मचारी राजन और विशेष ने दोनों पर चाकू से हमला किया।

## शार्ट न्यूज

### एसपी ने गूगल मीट के माध्यम से की समीक्षा बैठक



**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना/चौकी प्रभारियों के साथ आगामी त्यौहार (रविदास जयन्ती, होली आदि) के सम्बन्ध में मीटिंग की गयी और त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। त्योहार पर निकलने वाले जुलुस पर बाक्स फार्मेशन में ड्यूटी लगायी जाये। भीड़ नियंत्रण हेतु पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटियां लगायी जाए। जुलुस के दौरान मुख्य मार्गों पर यातायात सुगम एवं व्यवस्थित रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । सोशल मीडिया एवं स्थानीय मीडिया के माध्यम से सूचना प्रवाह सुनिश्चित किया जाए। ड्रोन कैमरो से सतर्क निगरानी की जाये। जनपद के समस्त थानों पर लम्बित विवेचनाओं/IGRS/प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### भोपाल बंसल हॉस्पिटल में किया 50 वां रक्तदान



**ललितपुर।** जय अम्बे रक्तदान समिति की ओर से ललितपुर के वरिष्ठ पत्रकार धर्मेन्द्र कृष्ण तिवारी जी ने 50 वीं बार रक्तदान किया दैनिक भास्कर भोपाल के समाचार संपादक और ललितपुर निवासी पंडित धर्मेन्द्र कृष्ण तिवारी ने जय अंबे रक्तदान समिति के माध्यम से एक यूनिट ब्लड डोनेट किया। दुर्घटना के शिकार एक मरीज को रक्त की जरूरत होने पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर ने धर्मेन्द्र कृष्ण तिवारी से संपर्क किया उन्होंने भोपाल के बंसल हॉस्पिटल मे पहुंचकर रक्तदान किया। यह उनका 50वीं बार रक्तदान था। धर्मेन्द्र ने बताया कि उन्होंने पहली बार रक्तदान भी जय अंबे रक्तदान समिति के माध्यम से किया था। तो वही रोहित सोनी ने विकास जैन रेलवे सीनियर टी टी जखौरा के लिए रक्तदान किया। और निजी चिकित्सालय भर्ती महिला अषगरी ग्राम डोगरा कला को एबी पॉजिटिव रक्त उपलब्ध कराया सभी जरूरतमंदों के परिजनों ने समिति का धन्यवाद आभार व्यक्त किया इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर समाजसेवी कन्हैयालाल रजक नरेंद्र कुमार फारुख खान नौशाद गौरव विश्वकर्मा आदि रहे।

### लखनऊ में नाम पूछकर माथे पर मारी गोली

**लखनऊ।** लखनऊ में दो बदमाशों ने एयरफोर्स से रिटायर्ड अधिकारी के माथे पर गोली मार दी। वह पत्नी के साथ अपने रेस्टोरेंट में थे। रात करीब 10 बजे वह रेस्टोरेंट बंद करने लगे। यहां का कुछ सामान रखने अपनी कार तक गए। वहां दौड़कर आए दो लोगों ने उनका नाम पूछा। इस पर उन्होंने पलटकर देखा। उनके पलटकर देखते ही दो में से एक बदमाश ने कहा- यही है मारो। इतना सुनते ही दूसरे वाले ने फायर कर दिया। गोली रिटायर्ड अधिकारी की दाहिनी आंख के ऊपर माथे पर लगी। गोली लगते ही वह गिर पड़े और बदमाश वहां से भाग गए। मामला सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के शॉपिंग स्क्वायर-2 कॉम्प्लेक्स का है। घायल की पहचान अवधेश कुमार पाठक (60) के रूप में हुई। उन्हें उनकी पत्नी ने स्थानीय लोगों की मदद से मेदांता अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि घायल की पत्नी मिथिलेश की शिकायत पर 2 अज्ञात पर एफआईआर दर्ज की गई है। जांच जारी है।

### औरैया में सांड के हमले से किसान की मौत

**औरैया।** औरैया जिले के फफूंद थाना क्षेत्र में खेत की रखवाली कर रहे एक किसान पर सांड ने हमला कर दिया। इस हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना शुक्रवार शाम करीब सात बजे की है। नगला पाठक गांव निवासी 70 वर्षीय जय नारायण पाल अपने छोटे भाई सोवरन सिंह पाल के साथ गांव के बाहर स्थित अपने खेत पर गेहूं की फसल की रखवाली करने गए थे। इसी दौरान एक सांड फसल खा रहा था। जब जय नारायण पाल ने सांड को भगाने का प्रयास किया, तो सांड ने उन पर हमला कर दिया और सींगों से पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उनकी चीख-पुकार सुनकर छोटे भाई सोवरन सिंह पाल मौके पर पहुंचे और किसी तरह सांड को भगाया। उन्होंने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन गंभीर अवस्था में जय नारायण पाल को एंबुलेंस की मदद से दिबियापुर सीएचसी ले गए।

### बेटी के सामने पिता ने रेता पत्नी का गला

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर खीरी में एक युवक ने बेटी के सामने ही पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। उसे पत्नी के कैरेक्टर पर शक था। वारदात के समय पत्नी अपनी मां साथ थी। युवक ने उससे साथ चलने को कहा। पत्नी ने मना किया तो दोनों में झगड़ा होने लगा। इस बीच उसने जेब से चाकू निकाली और गला रेत दिया। वारदात 13 साल की बेटी के सामने हुई। मां को घायल देख बेटी ने शोर मचाया तो परिवार के लोग आनन फानन में उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र की काशीराम आवास कॉलोनी का है। काशीराम आवास कॉलोनी के रहने वाले अंशुल श्रीवास्तव ने करीब 15 साल पहले कोलीनी में ही रहने वाली खुशबू से लव मैरिज की थी। खुशबू का मायका और ससुराल एक ही कॉलोनी के एक ही ब्लॉक में स्थित हैं। खुशबू की मां चार मंजिला इमारत में रहती हैं, जबकि अंशुल निचले ब्लॉक में रहता है।

### वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर उत्सव

लखनऊ। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी ने शनिवार को संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। इस वंदे मातरम् समारोह में देशभक्ति संगीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयोग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी थे। क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ के क्षेत्रीय सचिव डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में पदुम नारायण द्विवेदी ने कहा कि वंदे मातरम् देशवासियों को एकता, प्रेम और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। उन्होंने संगीत की सभी को साथ लेकर चलने की क्षमता पर भी प्रकाश डाला। अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत ने अकादमी की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमारे अकादमी के बच्चे विभिन्न मंचों पर विजेता रहे आज परफॉर्मेंस में हिस्सा ले रहे हैं।साथ ही उन्होंने कहा कि अकादमी नए कलाकारों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ शास्त्रीय संगीत और लुप्तप्राय कलाओं के संरक्षण व संवर्धन के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

### नगेंद्र प्रताप बनें आगरा के नए मंडलायुक्त

**आगरा।** आईएएस अधिकारी नगेंद्र प्रताप आगरा के नए मंडलायुक्त होंगे। वे शनिवार को सेवानिवृत्त हुए शैलेंद्र कुमार सिंह का स्थान लेंगे। नगेंद्र प्रताप वर्तमान में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर तैनात हैं। इससे पहले वे आगरा में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) और मथुरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। आगरा मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने 20 जनवरी 2025 को आगरा मंडलायुक्त का पदभार संभाला था। इससे पूर्व वे मथुरा के जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। प्रमोशन के साथ ही उन्हें आगरा का मंडलायुक्त बनाया गया था। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद शासन ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नगेंद्र प्रताप को आगरा का नया मंडलायुक्त नियुक्त किया है।

## शासन से 29.88 करोड़ की धनराशि मिलते ही गन्ना किसानों को मिला भुगतान

**पीलीभीत।** जनपद के गन्ना किसानों के लिए राहत भरी खबर है। शासन से 29.88 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त होते ही किसान सहकारी चीनी मिलों द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया गया है। यह जानकारी जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने दी। उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त धनराशि में से 17.88 करोड़ रुपये बीसलपुर चीनी मिल को तथा 12 करोड़ रुपये पूरनपुर चीनी मिल को प्राप्त हुए हैं। धनराशि मिलते ही आरटीजीएस के माध्यम से किसानों के खातों में भुगतान कर दिया गया। बीसलपुर चीनी मिल द्वारा 6 जनवरी 2026 तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों को कर दिया गया है। अब तक बीसलपुर चीनी मिल का 79.57 प्रतिशत गन्ना मूल्य भुगतान हो चुका है। वहीं पूरनपुर चीनी मिल द्वारा 17 दिसंबर 2025 तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के खातों में भेजा गया है और यहां कुल 48.12 प्रतिशत भुगतान पूर्ण हो चुका है। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि पीलीभीत चीनी मिल द्वारा शत-प्रतिशत गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है। बरखेड़ा चीनी मिल का विगत वर्ष का संपूर्ण भुगतान हो चुका है तथा चालू पेराई सत्र का भुगतान भी प्रारंभ कर दिया गया है। बरखेड़ा चीनी मिल द्वारा अब तक नए पेराई सत्र में 2.45 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है।

# आबादी के निकट गन्ने के खेत में मिला तेंदुए का शव

**तीन दिनों से गांवों के आसपास कर रहा था मूवमेंट, पोस्टमार्टम को आईवीआरआई भेजा गया शव**



**पीलीभीत।** पूरनपुर क्षेत्र में जंगल से निकलकर आबादी के आसपास घूम रहे तेंदुए की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। तेंदुए का शव आबादी से सटे गन्ने के खेत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मौके पर जांच-पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली स्थित आईवीआरआइ (भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान) भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों में बीते कुछ दिनों से तेंदुए का मूवमेंट बना हुआ था। ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ कई बार आबादी के निकट देखा गया और लोगों पर हमले की घटनाएं भी सामने आई थीं। एक तेंदुआ बीते तीन दिनों से गांव पटिहन की आबादी के आसपास घूम रहा था, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल था। बताया गया कि गुरुवार देर रात तेंदुआ नेतापुर की आबादी में घुस आया था। इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सतर्क हो गई और तेंदुए की निगरानी की जा रही थी। शुक्रवार रात श्रीनगर गौटिया की आबादी से सटे गन्ने के खेत में तेंदुए की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने खेत में तेंदुए का शव पड़ा देखा, जिसके बाद सामाजिक वानिकी विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही खुटार सामाजिक वानिकी रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई और शव को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय पहुंचाया।

रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तेंदुआ बीते तीन दिनों से बीमार अवस्था में था और आबादी के नजदीक गन्ने के खेतों में लगातार मूवमेंट कर रहा था। वन विभाग की टीम उसकी निगरानी कर रही थी। तेंदुए के शव को पोस्टमार्टम के लिए बरेली आईवीआरआइ भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही तेंदुए की मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन, लोगों को जागरूक किया




**ललितपुर।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा माह का समापन जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया तथा उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें प्रशासन के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता ही दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण तेज गति, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, नशे की अवस्था में वाहन चलाना तथा यातायात नियमों की अनदेखी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का प्रयोग करें, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं, निर्धारित गति सीमा का पालन करें तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी एवं नियमों का पालन कर अनेक अनमोल जिंदगियों को बचाया जा सकता है। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं जनपद में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाना रहा।

# अयोध्या के जीएसटी अफसर ने वापस लिया इस्तीफा

**अयोध्या।** अयोध्या के जीएसटी डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार सिंह ने इस्तीफा वापस ले लिया है। 4 दिन बाद फैसले से पलटने वाले अफसर ने कहा- मेरे ऊपर कोई दबाव नहीं है। फिलहाल मैं अपने दफ्तर में काम कर रहा हूं। उन्होंने 27 जनवरी को सीएम योगी का सपोर्ट करते हुए इस्तीफा दिया था। अफसर ने प्रयागराज माघ मेले में की गई शंकराचार्य की टिप्पणी पर जवाब दिया था। कहा था- मैं योगीजी के बारे में एक शब्द नहीं सुन सकता। ठेला गाड़ी (पालकी) पर बैठकर कोई सीएम को उल्टा-सीधा नहीं कह सकता। वो हमारे अन्नदाता हैं। वहीं, शिकायत करने वाले अपने भाई को उन्होंने मुख्तार गैंग का सदस्य भी बताया।

प्रशांत के इस्तीफे के बाद भाई विश्वजीत ने आरोप लगाते हुए कहा था- प्रशांत को दिव्यांग कोटे से नौकरी मिली थी।

## गंगापुल पर टेनरीकर्मी का शव मिला

कानपुर। कानपुर के जाजमऊ गंगापुल पर शनिवार सुबह टेनरीकर्मी का रक्तरंजित शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि यदि समय पर उपचार मिल जाता तो उनकी जान बच सकती थी। मृतक की पहचान मोहम्मद शाबिर (38) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से वैशाली, बिहार के रहने वाले थे, लेकिन वर्तमान में उन्नाव के थाना गंगाघाट स्थित अखलाक नगर में किराए के मकान में अपनी पत्नी मुन्नी (32) और चार बच्चों- सुहैल (14), आलिया (9), यास्मीन (7) और अफसाना (3) के साथ रहते थे। शाबिर जाजमऊ स्थित एक जूता फैक्ट्री में काम करते थे। उनके बड़े भाई मोहम्मद आबिद ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 8 बजे उनकी शाबिर से फोन पर बात हुई थी। मोहम्मद आबिद ने बताया कि शनिवार सुबह उनके एक मित्र ने उन्हें सूचना दी कि शाबिर गंगापुल पर लहूलुहान अवस्था में पड़े हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार, शाबिर का शव गंगापुल के पैदल ट्रैक पर मिला। उनके सिर में गहरे घाव के निशान थे।

### बच्चा चोर कहकर बुलाई पुलिस, तीसरी मंजिल से कूदा युवक

**झांसी।** झांसी में शुक्रवार शाम को एक युवक ने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। वो अपने दोस्त से मिलने आया था। घर के बाहर पड़ोसी के 10 साल के बच्चे को गोद में उठाकर खिलाने लगा। बच्चा चोर समझकर लोगों ने शोर मचाया। उसका पीछा किया। वह घबराकर दोस्त के किराए के घर में छिप गया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर वह डर गया। तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। उसके दोनों पैर और सिर में चोट आई है। पुलिस उसको जिला अस्पताल ले गई। जहां इलाज के बाद परिजन उसे अपने साथ ले गए।

# यातायात पुलिस ने 1 माह में 2363 से अधिक वाहनों का किया चालान, 46, लाख 31 हजार का जुर्माना



**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद में माह जनवरी में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात जागरूकता अभियान दिनांक 01.01.2026 से 31.01.2026 तक चलाया गया था ।

जागरूकता के क्रम में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर क्षेत्र के साथ साथ जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में जन चौपाल के माध्यम से यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगायें। दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी बैठकर ना चलें। बिना नंबर प्लेट के वाहन ना चलायें। नशे की हालत में वाहन ना चलायें। वाहन को ओवर स्पीड से ना चलायें। सड़क पर सदैव अपनी बायीं दिशा में चलें। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। चार पहिया वाहन (कार) चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें । वाहनो में ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करे । नाबालिग को वाहन न चलाने दें । दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करके राजवीर बनें।

# एएसएमसी, ललितपुर में कुष्ठ रोग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**भेदभाव नहीं, उपचार और सम्मान ज़रूरी : एएसएमसी ललितपुर**



ललितपुर। Autonomous State Medical College (ASMC), Lalitpur में कुष्ठ रोग दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. मयंक शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश सेठ रहे, जिन्होंने कुष्ठ रोग के कारण, लक्षण, समय पर पहचान, उपचार एवं रोकथाम के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग पूर्णत: उपचार योग्य है तथा प्रारंभिक अवस्था में उपचार से विकलांगता को रोका जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. डी. वी. सिंह, डॉ. सुरेश सोनी, डॉ. रजनी एवं डॉ. मनीष माथुर कार्यक्रम में उपस्थित रहे और उन्होंने जागरूकता अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान जागरूकता शपथ, पोस्टर प्रदर्शनी एवं संवादात्मक सत्रों के माध्यम से छात्रों, स्टाफ एवं आमजन को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया गया।

वक्ताओं ने यह संदेश दिया कि कुष्ठ रोग से ग्रसित व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न करते हुए उन्हें सम्मान और सहयोग दिया जाना चाहिए।

## गैंगरेप पीड़ित की मौत, गांव में तनाव

मेरठ। मेरठ में बंधक बनाकर गैंगरेप के बाद 14 साल की लड़की ने जहर खा लिया। अस्पताल में 5 दिन तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद शुक्रवार रात उसने दम तोड़ दिया। पीड़ित की मौत के बाद परिवार ने हंगामा कर दिया। पुलिस पर एक्शन न लेने का आरोप लगाया। पुलिस ने आनन-फानन में देर रात ही लड़की का पोस्टमॉर्टम कराया और फोर्स के साथ डेडबॉडी गांव भेज दी। पीड़ित के भाई का कहना है कि पुलिस रात में ही शव के अंतिम संस्कार का दबाव बना रही थी, लेकिन हमने साफ कह दिया कि जब तक मंत्री नरेंद्र कश्यप हमसे मिलने नहीं आएंगे, तब तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। हालांकि करीब 20 घंटे बाद शनिवार दोपहर 1 बजे परिवार को समझाने के बाद बाद रेप पीड़िता का अंतिम संस्कार कराया गया। पुलिस मामले को अफेयर से जुड़ा हुआ बता रही है। हालात तनावपूर्ण देख बहसूमा गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। 4 थानों की पुलिस तैनात रही। जगह-जगह बैरिकेडिंग लगाकर लोगों को गांव में जाने से रोक दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### 14 साल बाद बांग्लादेश से पाकिस्तान सीधी फ्लाइट बहाल, ढाका–कराची हवाई कनेक्टिविटी फिर शुरू

**लाहौर/कराची , एजेंसी ।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका से पाकिस्तान के कराची के जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 14 साल बाद पहली सीधी फ्लाइट पहुंची, जिससे दोनों देशों के बीच हवाई कनेक्टिविटी फिर से बहाल हो गई। पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार, बिमान बांग्लादेश एयरलाइन की फ्लाइट क्ल–341 गुरुवार शाम ढाका से कराची पहुंची। एयरपोर्ट पर इस फ्लाइट का स्वागत पारंपरिक वॉटर साल्यूट के साथ किया गया। बयान में कहा यह ढाका से कराची आने वाली पहली फ्लाइट है जो 14 साल बाद जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड हुई। इस अवसर को पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच बढ़ते दोस्ताना संबंधों का प्रतीक बताया गया। एयरलाइन द्वारा जारी बयान के अनुसार, फ्लाइट अब सप्ताह में दो बार गुरुवार और शनिवार को चलेगी। ढाका से उड़ान रात 8 बजे रवाना होगी और कराची में रात 11 बजे पहुंचेगी। वापस में फ्लाइट कराची से मध्यरात्रि 12 बजे रवाना होकर ढाका में सुबह 4:20 बजे पहुंचेगी। बांग्लादेश और पाकिस्तान की सरकारें पिछले साल से ढाका और कराची के बीच सीधी फ्लाइट्स बहाल करने पर चर्चा कर रही थीं। इसका उद्देश्य दोनों देशों के व्यापार और अन्य संबंधों को मजबूत करना है। यह कदम 1971 में बांग्लादेश की पाकिस्तान से स्वतंत्रता के बाद एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना भी है। अगस्त 2025 में पाकिस्तानी उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक दार की ढाका यात्रा के दौरान इस फ्लाइट बहाली की योजना पहली बार सार्वजनिक रूप से घोषित की गई थी। पाकिस्तान सिविल एविएशन अथॉरिटी ने बिमान बांग्लादेश एयरलाइन को इस मार्ग पर उड़ान संचालन और पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र के निर्धारित एयर कॉरिडोर का उपयोग करने की अनुमति दे दी है।

### वेनेजुएला में ऐतिहासिक बदलाव, दो दशक बाद बड़ा फैसला ; तेल उद्योग को निजीकरण–विदेशी निवेश के लिए खोला

**काराकास , एजेंसी ।** दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार वाले देश वेनेजुएला ने तेल उद्योग में सुधार के लिए ऐतिहासिक विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं। 3 जनवरी को सैन्य कार्रवाई के बाद वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्त किया था। जिसके बाद वो अमेरिका की कैद में हैं। इधर, देश की कमान संभाल रही कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज देश के अंदर तेल उद्योग में बड़ा कदम उठाया है। वेनेजुएला सरकार ने गुरुवार (29 जनवरी) को देश के तेल क्षेत्र को निजीकरण के लिए खोलने की मंजूरी दे दी। यह कदम मादुरो की गिरफ्तारी के एक महीने से भी कम समय में उठाया गया है। जो कि देश के अंदर दो दशकों के बाद सबसे बड़ा बदलाव है। ऐसा इसलिए क्योंकि राजनीतिक अस्थिरता और निवेश की कमी के चलते तेल उत्पादन पूरी तरह से गिर चुका था। गुरुवार को नेशनल असेंबली ने ऊर्जा उद्योग कानून में संशोधन को मंजूरी दी गई। कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने तेल कर्मचारियों और सरकार के समर्थकों के एक बड़े समूह के सामने इस सुधार को कानून के रूप में हस्ताक्षरित कर दिया। इधर, जैसे ही विधेयक पारित हो रहा था, वित्त विभाग ने आधिकारिक तौर पर वेनेजुएला के तेल पर लगे प्रतिबंधों में ढील देना शुरू कर दिया।

### एक देश के हुक्म चलाने से दुनिया नहीं चलती : यूएन चीफ एंटोनियो गुटेरेस

**वाशिंगटन, एजेंसी ।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को अमेरिका और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सीधा निशाना साधा है। गुटेरेस ने साफ–साफ कहा है कि किसी एक देश के हुक्म चलाने से दुनिया नहीं चलती और इससे किसी भी समस्या का निपटारा नहीं की जा सकता। गुटेरेस ने इस दौरान चीन को भी लपेटे में लिया। वहीं ह्व चीफ ने बहुध्रुवीयता की जरूरत पर जोर देते हुए हालिया भारत–ईयू ट्रेड डील का भी जिक्र किया। गुटेरेस अपने कार्यकाल के 10वें और आखिरी साल की शुरुआत के मौके पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इस साल के अंत में उनके उत्तराधिकारी का चुनाव करेगी। अपने कार्यकाल में कई युद्धों की शुरूआत देखने वाले गुटेरेस बदलते वैश्विक परिदृश्य को लेकर चिंता जता रहे थे। इस दौरान गुटेरेस ने कहा, 'वैश्विक समस्याएं किसी एक शक्ति के हुक्म चलाने से हल नहीं होंगी। और दो शक्तियों द्वारा दुनिया को 2 भाग में बांट देने से कुछ होगा।' उन्होंने अमेरिका और चीन का नाम भी लिया। गुटेरेस ने आगे कहा, 'यह विचार है कि दो पोल्स हैं, एक अमेरिका में केंद्रित है और दूसरा चीन में केंद्रित है... लेकिन अगर हम एक स्थिर दुनिया चाहते हैं, अगर हम एक ऐसी दुनिया चाहते हैं जिसमें शांति बनी रहे, जिसका विकास हो सके और समानता आए, तो हमें बहुध्रुवीयता का समर्थन करने की आवश्यकता है। मैं बहुत सारी पॉजिटिव उम्मीदों के साथ हाल के ट्रेड एग्रीमेंट देख रहा हूं। जैसे भारत और श्व के बीच हाल ही में हुआ समझौता।' बता दें कि हाल के दिनों में कई देशों ने अमेरिकी प्रभुत्व के खिलाफ बयान दिए हैं। वहीं गुटेरेस की ये टिप्पणी हाल ही में ट्रंप द्वारा बोर्ड ऑफ पीस के गठन के एक हफ्ते बाद आई हैं। ट्रंप ने इसे संयुक्त राष्ट्र का विकल्प तक बता दिया है।

# ट्रंप ने कहा- क्यूबा अमेरिका के लिए गंभीर खतरा, नया टैरिफ सिस्टम लागू करने का आदेश दिया



**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि क्यूबा से अमेरिका को एक असामान्य और गंभीर खतरा है। उन्होंने क्यूबा सरकार से पैदा हुए खतरे को लेकर देश में राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया है। इसी वजह से उन्होंने एक नई शुल्क (टैरिफ) व्यवस्था लागू करने का आदेश दिया है। इस व्यवस्था के तहत उन देशों पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जा सकता है, जो क्यूबा को तेल की आपूर्ति करते हैं। व्हाइट हाउस में साइन किए गए कार्यकारी आदेश में ट्रंप ने कहा कि क्यूबा सरकार की नीतियां और उसके कामकाज अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के लिए खतरा हैं। इसलिए मौजूदा कानूनों के तहत आपात कदम उठाना जरूरी हो गया है। ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति होने के नाते देश की सुरक्षा और विदेश नीति की रक्षा करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने यह भी कहा कि क्यूबा से जुड़ी स्थिति अमेरिका के लिए एक असामान्य और बड़ा खतरा है, जिसका स्रोत काफी हद तक अमेरिका के बाहर है।

आदेश में आरोप लगाया गया है कि क्यूबा कई ऐसे देशों और संगठनों का समर्थन करता है, जो अमेरिका के खिलाफ हैं। इसमें रूस, चीन, ईरान के साथ-साथ हमास और हिज़्बुल्लाह जैसे संगठनों का नाम लिया गया है। ट्रंप ने कहा कि क्यूबा 'खुलेआम संयुक्त राज्य अमेरिका के खतरनाक दुश्मनों को पनाह देता है और उन्हें अपने इलाके में 'अत्याधुनिक सैन्य और खुफिया क्षमताएं' स्थापित करने के लिए आमंत्रित करता है जो सीधे संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पहुंचाती हैं। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि क्यूबा में रूस का सबसे बड़ा विदेशी खुफिया केंद्र काम कर रहा है और चीन के साथ भी क्यूबा की सैन्य और रक्षा संबंधों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में आगे आरोप लगाया गया है कि क्यूबा हमास और हिज़्बुल्लाह जैसे अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठनों को पनाह देता है। इससे इन संगठनों को क्षेत्र में अपने आर्थिक, सांस्कृतिक और सुरक्षा नेटवर्क मजबूत करने का मौका मिलता है, जो अमेरिका और पूरे पश्चिमी गोलार्ध की स्थिरता को नुकसान पहुंचा सकता है। ट्रंप ने यह भी आरोप लगाया कि क्यूबा लंबे समय से अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को कमजोर करने के लिए अन्य दुश्मन देशों को सैन्य और सुरक्षा मदद देता रहा है। ट्रंप ने क्यूबा की कम्युनिस्ट सरकार पर आतंकवाद को बढ़ावा देने, अवैध प्रवासन और हिंसा के जरिए क्षेत्र को अस्थिर करने के आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि क्यूबा सरकार अपने ही नागरिकों पर अत्याचार करती है। आदेश में कहा गया है, 'कम्युनिस्ट सरकार अपने राजनीतिक विरोधियों को सताती और यातना देती है; क्यूबा के लोगों को बोलने और प्रेस की स्वतंत्रता से वंचित करती है; उनके दुख से भ्रष्ट तरीके से मुनाफा कमाती है और मानवाधिकारों का अन्य उल्लंघन करती है।' इसमें राजनीतिक कैदियों के परिवारों के खिलाफ बदले की कार्रवाई, धार्मिक लोगों को परेशान करना, नागरिक समाज पर प्रतिबंध, स्वतंत्र प्रेस पर रोक और ऑनलाइन सहित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीमाएं भी शामिल हैं। ट्रंप ने कहा, 'संयुक्त राज्य अमेरिका कम्युनिस्ट क्यूबा सरकार की ज्यादतियों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा।' उन्होंने अमेरिकी विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का वादा किया, साथ ही 'क्यूबा के लोगों की एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक समाज की आकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध रहने' की बात कही। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका क्यूबा की कम्युनिस्ट सरकार के ऐसे किसी भी व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करेगा। इस राष्ट्रीय आपातकाल से निपटने के लिए ट्रंप ने आदेश दिया है कि एक नई शुल्क व्यवस्था बनाई जाए। इसके तहत अगर कोई विदेशी देश सीधे या परोक्ष रूप से क्यूबा को तेल बेचता या उपलब्ध कराता है, तो उसके सामान पर अमेरिका में अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जा सकता है। आदेश के मुताबिक, वाणिज्य मंत्री विदेश मंत्री से सलाह लेकर यह तय करेंगे कि कौन सा देश क्यूबा को तेल की आपूर्ति कर रहा है, चाहे वह किसी तीसरे देश या बिचौलिए के माध्यम से ही क्यों न हो। इसके बाद विदेश मंत्री, वित्त, ट्रेजरी, वाणिज्य, होमलैंड सिक्योरिटी और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि के साथ मिलकर यह तय करेंगे कि अतिरिक्त ड्यूटी लगाई जानी चाहिए या नहीं और किस हद तक लगाई जानी चाहिए।

# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के आंख का हुआ ऑपरेशन, अस्पताल से जेल में हुए शिफ्ट

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इन्साफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें पिछले कई दिनों से आंख की समस्या से परेशान थे। जिसके बाद एक छोटे सा ऑपरेशन किया गया। फिलहाल वह ठीक हैं और उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है। इस बात की जानकारी पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने गुरुवार को दी।

**अस्पताल से जेल में शिफ्ट हुए इमरान खान :** तरार ने बताया कि खान की आंखों की प्रारंभिक जांच आदियाला जेल में की गई थी, जिसके बाद विशेषज्ञों ने सलाह दी कि उन्हें आगे की जांच और इलाज के लिए इस्लामाबाद के पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (क्क्स्र्र) ले जाया जाए। शनिवार रात डॉक्टरों की सलाह पर खान को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अस्पताल में खान की आंखों की फिर से जांच की गई और उनकी लिखित सहमति से लगभग 20 मिनट की एक छोटी चिकित्सा प्रक्रिया की गई। इसके बाद खान को आवश्यक चिकित्सकीय निर्देशों के साथ आदियाला जेल वापस भेज दिया गया।

**मंत्री ने सोशल मीडिया के अफवाहों को किया खारिज :** पूर्व प्रधानमंत्री के हालात की जानकारी देते हुए मंत्री तरार ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान इमरान खान के स्थिर रहे और उनकी कुल स्वास्थ्य स्थिति संतोषजनक थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि खान की स्थिति गंभीर नहीं है।

**इमरान खान की पार्टी ने कोर्ट से लगाई गुहार :** इस बीच, अध्यक्ष गोहर खान ने खान के स्वास्थ्य के बारे में पार्टी और परिवार को जानकारी नहीं दिए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की और तुरंत उनसे मिलने की अनुमति मांगी। खान की कानूनी टीम ने भी एंटी-टेररिज्म कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें उनके निजी डॉक्टरों और विशेषज्ञों को जेल में उनसे मिलने की अनुमति देने की मांग की गई है।

मेडिकल रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा था कि खान को उनकी दाईं आंख में सेंट्रल रेटिनल वेन ऑक्लूज़न का निदान किया गया है, जो उपचार न मिलने पर अंधेपन का कारण बन सकता है। हालांकि, खान की बहन नोरीन खान ने इन रिपोर्टों को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें कोई आंख संबंधी समस्या नहीं है और उनकी सेहत अच्छी है। उन्होंने परिवार और वकीलों को मिलने की अनुमति न देने पर सवाल उठाया और पूरी मेडिकल रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की।

# यूक्रेन युद्ध में बड़ा कदम, रूस ने जेलेंस्की को शांति वार्ता के लिए मॉस्को आने का दिया न्योता

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस ने अमेरिका की मध्यस्थता में यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के प्रयास के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को शांति वार्ता के लिए मॉस्को आने का निमंत्रण दिया है। क्रेमलिन ने एक बयान में इसकी जानकारी दी। दोनों देशों के बीच यह संघर्ष लगभग चार वर्षों से जारी है। क्रेमलिन की ओर से यह भी बताया गया कि रूस और यूक्रेन ने युद्ध में मारे गए सैनिकों की अदला-बदली का एक और चरण पूरा किया है। हालांकि, दोनों देशों के बीच ऊर्जा ढांचे पर हमले रोकने को लेकर किसी सहमति की अटकलों पर रूस ने टिप्पणी करने से इन्कार किया।

**बातचीत को गति मिलने के संकेत :** पिछले सप्ताहांत अबूधाबी में अमेरिका की मध्यस्थता में हुई बातचीत से शांति प्रयासों को कुछ गति मिली है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच मतभेद अब भी बने हुए हैं। मोर्चे पर लड़ाई जारी है और हालिया मिसाइल हमलों से यूक्रेन को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। एक अमेरिकी अधिकारी के अनुसार, जेलेंस्की और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक की संभावना बढ़ी है। रविवार को अबूधाबी में दोनों देशों के वार्ताकारों की अगली बैठक प्रस्तावित है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी कहा है कि शांति प्रक्रिया में सकारात्मक प्रगति हो रही है। हालांकि, क्षेत्रीय नियंत्रण और युद्ध के बाद की व्यवस्था जैसे मुद्दों पर सहमति अभी दूर है।

**अस्थायी संघर्ष विराम की बढ़ी उम्मीद :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को दावा किया कि उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से एक हफ्ते के लिए यूक्रेन की राजधानी कीव पर हमले ने करने को कहा है क्योंकि यूक्रेन में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रूसी हमले के चलते यूक्रेन के कई शहरों के अहम ढांचे को भारी नुकसान हुआ है और देशभर में लोग बिना बिजली और गर्मी के रहने को मजबूर हैं। ट्रंप ने दावा किया है कि पुतिन इसके लिए तैयार हो गए हैं। हालांकि अभी तक रूस की तरफ से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# अमेरिका की अपने नागरिकों को पाकिस्तान नहीं जाने की सलाह, कहा-कहीं भी हो सकता है आतंकी हमला



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने नागरिकों से पाकिस्तान की यात्रा पर पुनर्विचार करने की अपील की है। इसके पीछे विभाग ने सुरक्षा, अपराध, अशांति, आतंकवाद व अपहरण के खतरे को प्रमुख वजह बताया है। 26 जनवरी को जारी एक अपडेटेड ट्रैवल एडवाइजरी के अनुसार, पाकिस्तान को लेवल-3 (यात्रा पर फिर से विचार करें) श्रेणी में रखा गया है जो यात्रियों के लिए जोखिम का संकेत देता है। एडवाइजरी में कहा गया है कि पाकिस्तान में कहीं भी कभी भी आतंकी हमला हो सकता है। अंग्रेजी दैनिक डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, परामर्श में चेतावनी दी गई है कि ट्रांसपोर्ट हब, होटल, बाजार, शॉपिंग मॉल, सैन्य और सुरक्षा ठिकाने, हवाईअड्डे, ट्रेन, स्कूल, अस्पताल, पूजा स्थल, पर्यटन स्थलें और सरकारी इमारतें भी सुरक्षित नहीं हैं। खैबर पख्तूनख्वा के कुछ हिस्सों को सबसे खतरनाक श्रेणी लेवल 4 में डाला गया है और यहां अमेरिकी नागरिकों से किसी भी कारण से यात्रा न करने को कहा गया है। इसमें चेतावनी दी गई है कि प्रांत में सरकारी अधिकारियों और नागरिकों के खिलाफ हत्या और अपहरण के प्रयास आम हैं। भारत से मुंह की खाकर बदलाव के लिए मजबूर हो गई पाकिस्तानी सेना ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत से मुंह की खाने वाली पाकिस्तानी सेना बदलाव के दौर से गुजर रही है। इसकी पुष्टि रक्षा बलों के प्रमुख (सीडीएफ) फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने खुद की। मुनीर ने भविष्य के युद्धक्षेत्र और सुरक्षा चुनौतियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए रणनीतिक बदलावों पर जोर दिया। पाकिस्तानी सीडीएफ ने दोहराया कि वे देश की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए हर तरह के खतरों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। मुनीर ने बहावलपुर छावनी के दौरे में ये टिप्पणियां कीं। उन्हें कोर के विभिन्न परिचालन, प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें बहु-आयामी युद्ध की तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया गया। सैनिकों को संबोधित करते हुए मुनीर ने उनके उच्च मनोबल, पेशेवर दक्षता की सराहना की। मुनीर ने कहा, सशस्त्र बल पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

# दक्षिण अफ्रीका में भीषण सड़क हादसा: मिनीबस टैक्सी और ट्रक की टक्कर में 11 लोगों की मौत, स्कूली बच्चा भी शामिल



**जोहानिसबर्ग, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका में गुरुवार को एक मिनीबस टैक्सी और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय सरकारी अधिकारियों और आपातकालीन सेवाओं ने हादसे की पुष्टि की है। यह दुर्घटना उस घटना के एक हफ्ते के बाद हुई है, जिसमें इसी तरह के सड़क हादसे में 14 स्कूली बच्चों की जान चली गई थी।

**कहां और कैसे हुआ हादसा :** गुरुवार का यह हादसा पूर्वी क्वाजुलु-नटाल प्रांत में डरबन शहर के पास हुआ। प्रांतीय परिवहन विभाग के अधिकारी सिबोनिसो डूमा ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक स्कूली बच्चे सहित 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। डूमा के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोप लगाया है कि ट्रक चालक ने अचानक यू-टर्न लिया, जिसके कारण मिनीबस टैक्सी से उसकी आमने-सामने की टक्कर हो गई।

**घायलों की हालत :** प्राइवेट एंबुलेंस सेवा एएलएस पैरामेडिक्स के प्रवक्ता गैरिथ जैमिसन ने कहा कि हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। उन्होंने बताया कि मिनीबस टैक्सी का चालक मलबे में फंसा हुआ था और उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। यह दुर्घटना कुछ दिन पहले हुए एक और घातक हादसे के बाद हुई है, जिसमें स्कूली बच्चों को ले जा रही मिनीबस टैक्सी और एक ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर में 14 बच्चों की मौत हो गई थी। 19 जनवरी को जोहान्सबर्ग के पास हुई उस दुर्घटना के बाद मिनीबस टैक्सी के चालक को गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, चालक पर 14 हत्या के आरोप लगाए गए, क्योंकि वह वाहनों की कतार को ओवरटेक करते हुए तेज और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था, जिसके बाद उसकी ट्रक से टक्कर हो गई।

# अमेरिका में जन्मे बच्चों को 92 हजार रुपए देगी सरकार



**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका में जन्म लेने वाले बच्चों को सरकार की ओर से 1,000 डॉलर (92 हजार रुपए) दिए जाएंगे। यह रकम बच्चों के नाम से खोले जाने वाले एक स्पेशल अकाउंट में जमा की जाएगी। यह योजना पिछले साल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुरू की थी। अब इसे अमेरिका की बड़ी-बड़ी कंपनियों का समर्थन मिलने लगा है। इस योजना को 'ट्रम्प अकाउंट' कहा जाता है। व्हाइट हाउस के मुताबिक, यह एक टैक्स-फ्री सेविंग अकाउंट होगा, जिसमें सरकार बच्चों के भविष्य के लिए शुरुआती निवेश करेगी। इस खाते में जमा रकम शेयर बाजार में निवेश की जाएगी ताकि समय के साथ यह बढ़ सके। इस योजना का लाभ उन बच्चों को मिलेगा जो 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2028 के बीच अमेरिका में पैदा होंगे। इसका मकसद बच्चों को जन्म से ही वित्तीय शुरुआत देना और लंबे समय तक निवेश के जरिए धन बढ़ाना है। ताकि वे 18 साल की उम्र में पढ़ाई, बिजनेस शुरू करने, घर खरीदने या अन्य जरूरतों के लिए फंड का इस्तेमाल कर सकें। अब कई बड़ी कंपनियां भी इस योजना में आगे आ रही हैं। बैंक ऑफ अमेरिका और जेपी मॉर्गन चेस ने घोषणा की है कि वे अपने कर्मचारियों के बच्चों के ट्रम्प अकाउंट में सरकार की तरह 1,000 डॉलर की बराबर राशि जमा करेंगे। ट्रम्प बोले- हमारी सरकार हर बच्चे को आर्थिक आजादी दे रही है ट्रम्प ने कहा, 'हर राष्ट्रपति ने हमारी अगली पीढ़ी को सिर्फ कर्ज दिया है, लेकिन हमारी सरकार हर बच्चे को असली संपत्ति और आर्थिक आजादी का मौका देगी।' उन्होंने नियोक्ताओं से अपील की कि वे अपने कर्मचारियों के लिए ट्रम्प अकाउंट में योगदान दें। 92 हजार केवल ट्रम्प प्रशासन के दौरान जन्मे बच्चों को मिलेगा। बच्चे के माता-पिता की इमिग्रेशन स्थिति कोई मायने नहीं रखती, कोई भी पैरेंट अकाउंट खोल सकता है। बड़े बच्चों के लिए अकाउंट खोला जा सकता है, लेकिन उन्हें राशि नहीं मिलेगा। समर्थक बोले- इससे गरीब बच्चों को भी अमेरिका की संपत्ति का हिस्सा मिलेगा समर्थकों का कहना है कि इससे ज्यादा लोग स्टॉक मार्केट से जुड़ेंगे और गरीबी में जन्मे बच्चों को भी अमेरिका की संपत्ति का हिस्सा मिलेगा। यह पूंजीवाद को बढ़ावा देगा, खासकर जब समाजवादी विचार बढ़ रहे हैं। निवेशक ब्रैड गर्स्टनर ने कहा, 'सोशलिज्म का जवाब पूंजीवाद है, इससे हर बच्चा जन्म से ही कैपिटलिस्ट बन जाता है।' 2022 में केवल 58% अमेरिकी घरों के पास स्टॉक या बॉन्ड थे और सबसे अमीर 1% के पास आधे से ज्यादा मूल्य था। इससे पहले कैलिफोर्निया, कनेक्टिकट और वॉशिंगटन डीसी जैसे जगहों पर 'बेबी बॉन्ड्स' जैसे कार्यक्रम चल रहे थे, लेकिन वे सिर्फ गरीब या फोस्टर केयर बच्चों के लिए थे।

# डेनमार्क की पीएम ने ट्रम्प को झुकने को मजबूर किया, देशभर में बढ़ी फ्रेडरिक्स की लोकप्रियता, अब सर्वे में पार्टी को 9 सीटों का फायदा



**कोपनहेगन, एजेंसी।** ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर अमेरिका और डेनमार्क के बीच विवाद का फायदा डेनिश पीएम मेट फ्रेडरिक्सन को मिला है। अमेरिकी वेबसाइट द पोलिटिको ने लिखा है कि फ्रेडरिक्सन को राष्ट्रपति ट्रम्प को शुक्रिया कहना चाहिए क्योंकि उन्होंने उन्हें गहराते राजनीतिक संकट से बाहर निकाल लिया है। फ्रेडरिकसन की पार्टी के पॉपुलैरिटी में काफी उछाल आया है। सर्वे में सोशल डेमोक्रेट्स को सिर्फ 32 सीटें मिलती दिख रही थीं। यानी एक ही महीने में पार्टी की स्थिति में करीब 9 सीटों का उछाल आया है।

पिछले साल नवंबर 2025 में सोशल डेमोक्रेट पार्टी लोकल चुनाव हार गई थी। सबसे बड़ा झटका कोपेनहेगन में लगा, जहां पार्टी ने 100 साल में पहली बार सत्ता गंवा दी। स्थिति तब बदलनी शुरू हुई, जब ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को डेनमार्क से छीनकर अपने में मिलाने की धमकी दी। इसके जवाब में डेनमार्क की प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन ने खुलकर देश की संप्रभुता का बचाव किया।

**गठबंधन की सरकार चला रहीं फ्रेडरिक्सन :** डेनमार्क में संसद में कुल 179 सीटें हैं, इनमें से प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन की सोशल डेमोक्रेट्स के पास 50 सीटें हैं। सेंटर-लेफ्ट सोशल डेमोक्रेट पार्टी इस समय देश में गठबंधन सरकार चला रही है। इस गठबंधन में दो सेंटर-राइट पार्टियां मॉडरेटर्स और वेनस्टर भी शामिल हैं। मेगाफॉन नाम की एक डेनिश कंसल्टेंसी के सर्वे में सोशल डेमोक्रेट पार्टी को 22.7% वोट और संसद की 41 सीटें मिलीं। यह सर्वे 20 से 22 जनवरी के बीच किया गया। दिसंबर में हुए सर्वे में फ्रेडरिकसन की पार्टी को सिर्फ 32 सीटें मिलती दिखाई गई थीं। ताजा सर्वे दिखाते हैं कि 41 सीटों के साथ भी वे संसद की सबसे बड़ी पार्टी बनी रहेंगी। इससे वे फिर से गठबंधन सरकार बनाने की बातचीत में सबसे मजबूत स्थिति में आ जाएंगी, हालांकि सत्ता में बने रहने के लिए उन्हें सहयोगी दलों पर निर्भर रहना पड़ेगा।

**100 साल में पहली बार राजधानी में हारी पार्टी :** समर्थन में आई यह बढ़त इसलिए और भी खास मानी जा रही है, क्योंकि नवंबर में हुए नगर निगम चुनावों में सोशल डेमोक्रेट्स को करारी हार मिली थी। इस चुनाव में पार्टी ने कोपेनहेगन गंवा दिया था, जो बेहद अहम सीट थी और जिसे पार्टी ने पिछले 100 सालों में कभी नहीं खोया था। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोक्के रासमुसेन के नेतृत्व वाली मॉडरेट्स पार्टी ने इस सर्वे में अपना वोट शेयर लगभग तीन गुना कर लिया। पार्टी का वोट 2.2% से बढ़कर 6.4% हो गया। यह करीब 12 सीटों के बराबर है। वहीं एक और एजेंसी वॉक्समीटर के सोमवार को जारी सर्वे में फ्रेडरिकसन की कैबिनेट को 40.9% समर्थन मिला, जो दो साल में सबसे ऊंचा स्तर है। अगर आज चुनाव होते हैं तो गठबंधन के 73 सीटें जीतने का अनुमान लगाया गया है।

**ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी दी, बाद में पलटे :** जनवरी की शुरुआत में ट्रम्प ने कहा था कि वे किसी भी तरीके से ग्रीनलैंड पर कब्जा कर लेंगे। ग्रीनलैंड डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है। ट्रम्प इस पर कब्जा करने की धमकी पहले भी दी जाती रही थी, लेकिन वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद यह और गंभीर लगने लगी। 2019 से सत्ता में रहीं फ्रेडरिकसन ने ग्रीनलैंड के लिए जोरदार तरीके से कूटनीतिक बचाव किया और इस मामले पर पूरे यूरोपीय देशों को एकजुट किया। ट्रम्प को कहना पड़ा कि वे ग्रीनलैंड पर जबरदस्ती कब्जा नहीं करेंगे। इसका फायदा यह हुआ कि डेनमार्क के लोग क्क्र के साथ खड़े हो गए हैं। यूरोप से जुड़े पॉलिटिकल मामलों की एक्सपर्ट ऐन रासमुसेन ने पोलिटिको से कहा- आखिरी बार डेनमार्क में सरकार के साथ इतनी एकजुटता कोविड महामारी के दौरान देखने को मिली थी। राष्ट्रीय संकट अक्सर ऐसा होता है। लोग सत्ता में बैठी सरकार के समर्थक बन जाते हैं।

# आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप : एशिया कप फाइनल की हार का बदला लेने उतरेगा भारत, तेंदुलकर ने बढ़ाया हौसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स मुकाबले में रविवार को बुलावायो में भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी। पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम के लिए यह मुकाबला सिर्फ जीत का नहीं, बल्कि एशिया कप फाइनल में मिली करारी हार का हिसाब चुकता करने का मौका भी है। आयुष म्हात्रे की कप्तानी में भारत अब तक शानदार फॉर्म में रहा है, जबकि पाकिस्तान भी आत्मविश्वास से भरा हुआ है। ऐसे में यह महामुकाबला रोमांच से भरपूर होने वाला है।

### एशिया कप फाइनल की टीस अब भी ताजा

पिछले साल दिसंबर में दुबई में खेले गए अंडर-19 एशिया कप फाइनल में भारत को पाकिस्तान के हाथों 191 रनों की भारी हार झेलनी पड़ी थी। हालांकि उसी टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज में भारत ने पाकिस्तान को 90 रनों से मात दी थी, लेकिन फाइनल की हार अब भी खिलाड़ियों के ज़हन में है। सुपर सिक्स का यह मैच भारत के लिए उसी हार का बदला लेने का सुनहरा मौका बनकर आया है।

### 'नो हैंडशेक' नीति पर नजर

पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर के चलते भारत और पाकिस्तान के बीच 'नो हैंडशेक' नीति जारी रहने की संभावना है। अंडर-19 एशिया कप के दौरान भी भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ मैचों के बाद हाथ मिलाने से परहेज किया था। माना जा रहा है कि यह रुख इस मुकाबले में भी देखने को मिल सकता है।

### सचिन तेंदुलकर की वर्चुअल पेप टॉक

मैच से पहले भारतीय खिलाड़ियों को महान बल्लेबाज़ सचिन तेंदुलकर से वर्चुअल बातचीत का मौका मिला, जिसने टीम का मनोबल और बढ़ा दिया। बीसीसीआई के मुताबिक, सचिन ने खिलाड़ियों को सिर्फ तकनीक और फिटनेस ही नहीं, बल्कि फोकस, अनुशासन, विनम्रता और सफलता के बावजूद ज़मीन से जुड़े रहने का महत्व समझाया। वीवीएस लक्ष्मण ने भी माना कि यह अनुभव खिलाड़ियों के लिए लंबे समय तक यादगार रहेगा।

### भारत का अब तक का दमदार प्रदर्शन

भारतीय अंडर-19 टीम ने टूर्नामेंट में अब तक शानदार खेल दिखाया है। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत ׀ पर छह विकेट की जीत से की, इसके बाद ग्रुप स्टेज में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को हराया। सुपर सिक्स के पहले मैच में भारत ने मेजबान जिम्बाब्वे को 204 रनों से रौंदकर अपनी अजेय लय बरकरार रखी।

### भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों पर नजर

बल्लेबाज़ी में विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू और वैभव सूर्यवंशी लगातार रन बना रहे हैं और दोनों अब तक दो-दो अर्धशतक जड़ चुके हैं। विहान मल्होत्रा भी शानदार फॉर्म में हैं, जिन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद शतक जमाया था। गेंदबाजी में हेनिल पटेल सबसे सफल रहे हैं, जबकि उद्धव मोहन और कप्तान आयुष म्हात्रे ने भी अहम मौकों पर विकेट चटकाए हैं।




### पाकिस्तान की ताकत और खतरा

पाकिस्तान ने टूर्नामेंट की धीमी शुरुआत के बाद शानदार वापसी की है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सुपर सिक्स में आठ विकेट की जीत ने उनका आत्मविश्वास बढ़ाया है। ओपनर समीर मिन्हास भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा होंगे, जिन्होंने एशिया कप फाइनल में 172 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली थी। गेंदबाज़ी में अली रजा और अब्दुल सुभान की जोड़ी भारतीय बल्लेबाज़ों की कड़ी परीक्षा ले सकती है।

# पीवी सिंधु इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में, टॉप सीड चेन यू फी से होगी टक्कर



**जकार्ता (एजेंसी)।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने दाइहात्सु इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। अब शुक्रवार को उनका सामना टॉप सीड चीन की चेन यू फी से होगा। हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में चेन यू फी 7-6 से आगे हैं, ऐसे में मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। प्री-क्वार्टरफाइनल में सिंधु ने डेनमार्क की लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ट को 43 मिनट चले मुकाबले में 21-19, 21-18 से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

इससे पहले सातवीं सीड लक्ष्य सेन ने भी दमदार प्रदर्शन करते हुए हांगकांग के जेसन गुनावन को महज 43 मिनट में 21-10, 21-11 से मात दी। लक्ष्य का अगला मुकाबला थाईलैंड के पानित्चाफोन टीरारत्सकुल से होगा।

वहीं युवा खिलाड़ी अनमोल खरब ने पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता नोजोमी ओकुहारा को कड़ी टक्कर दी। अनमोल ने पहला गेम 21-16 से जीता, लेकिन बाद के गेम गंवाकर मुकाबला हार गईं।

दूसरी ओर, पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत और पुरुष युगल में हरिहरन अमसकारुणन/एम आर अर्जुन का सफर टूर्नामेंट में समाप्त हो गया।

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए ऑस्ट्रेलिया की फाइनल टीम घोषित, पैट कमिंस चोटिल होकर बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्यीय फाइनल टीम का ऐलान कर दिया है। टूर्नामेंट शुरू होने से ठीक पहले टीम को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि तेज गेंदबाज पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण पूरे वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। कमिंस के साथ-साथ एक और बड़ा बदलाव करते हुए टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट को भी स्क्वॉड से बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन ड्वार्शियस को टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा बिग बैश में शानदार प्रदर्शन के बावजूद स्टीव स्मिथ को अंतिम टीम में जगह नहीं मिली है। स्क्वॉड में शामिल किए गए बेन ड्वार्शियस और बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ को लेकर चयनकर्ता टोनी डोडमाइड ने भरोसा जताया है कि ये दोनों खिलाड़ी आगामी वर्ल्ड कप में अहम भूमिका निभा सकते हैं। डोडमाइड ने बताया कि ड्वार्शियस न सिर्फ तेज गेंदबाजी में विविधता ला सकते हैं, बल्कि शानदार फील्डिंग और लोअर-ऑर्डर बल्लेबाजी से भी टीम को मजबूती देंगे। कमिंस की अनुपस्थिति में ड्वार्शियस को टीम का संतुलन बनाए रखने के लिए एक उपयुक्त विकल्प माना जा रहा है। हेजलवुड, टिम डेविड और नाथन एलिस जैसे मुख्य खिलाड़ी चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद अब पूरी तरह फिट घोषित किए गए हैं। हेजलवुड एशेज से पहले हैमस्ट्रिंग और अकिलीज की चोट के कारण मैदान से दूर थे, जबकि टिम डेविड हैमस्ट्रिंग समस्याओं से जूझ रहे थे और बिग बैश लीग व पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज नहीं खेल पाए। नाथन एलिस भी हल्की हैमस्ट्रिंग चोट के चलते बीबीएल फाइनल और पाकिस्तान दौरे से बाहर थे, लेकिन अब सभी खिलाड़ी चयन के लिए उपलब्ध हैं।

**ऑस्ट्रेलिया टी20 वर्ल्ड कप टीम:** मिशेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कॉनोली, टिम डेविड, बेन ड्वारशुइस, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुह्नमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू रेनशॉ, मार्कस स्टोइनिस, एडम ज़म्पा

# वैभव सूर्यवंशी को नेशनल टीम में शामिल करने का समय आ गया: सबा करीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 में डेब्यू करते ही क्रिकेट जगत में धमाल मचाने वाले 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना जलवा बिखेरने के बेहद करीब पहुंच चुके हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सबा करीम का मानना है कि वैभव को टीम इंडिया में शामिल करने का यह सही समय है। वैभव फिलहाल अंडर-19 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, जहां उन्होंने दो तेजतर्रार अर्धशतक लगाकर टीम इंडिया की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

सबा करीम वैभव की प्रतिभा से बेहद प्रभावित नजर आए। उन्होंने कहा, 'वह बहुत ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। उन्हें खेलते हुए देखकर मुझे बेहद खुशी होती है। मुझे लगता है कि अब उन्हें इंडियन नेशनल टीम में शामिल करने का समय आ गया है।' उन्होंने यह भी बताया कि वैभव को लेकर सभी स्तरों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि स्टेट एसोसिएशन, बीसीसीआई का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स लगातार वैभव की प्रोग्रेस पर ध्यान दे रहे हैं। उनके अनुसार, 'बहुत जल्द ऐसा समय आएगा जब हम वैभव को भारत की सीनियर टीम में खेलते देखेंगे।'



वैभव सूर्यवंशी का ग्राफ बेहद तेजी से ऊपर उठा है। आईपीएल में वह सबसे युवा शतकवीर बने थे। राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ 35 गेंदों में शतक ठोक दिया था। यह आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक है। उनसे आगे केवल क्रिस गेल हैं, जिन्होंने 2013 में 30 गेंदों में शतक लगाया था। आईपीएल के बाद भी वैभव का बल्ला लगातार आग उगलता रहा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की अंडर-19 टीमों के खिलाफ उन्होंने जमकर रन लुटाए। विजय हजारे ट्रॉफी और रणजी ट्रॉफी में भी वैभव ने शतक जड़कर अपनी क्षमता साबित की।

अंडर-19 वर्ल्ड कप से पहले उन्हें साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का कप्तान बनाया गया था, जहां उनकी कप्तानी में भारत ने यूथ वनडे सीरीज जीती। इस सीरीज में भी उन्होंने एक धुआंधार शतक जड़ा। वर्ल्ड कप में भी वैभव अपने दमदार अंदाज में रन बनाते जा रहे हैं। उनकी निरंतरता, तकनीक और मैच पर पकड़ बनाने की क्षमता उन्हें भारत की सीनियर टीम के लिए गंभीर दावेदार बनाती है। अगर वैभव इसी तरह प्रदर्शन जारी रखते हैं तो वह दिन दूर नहीं, जब भारतीय क्रिकेट टीम में उन्हें जगह मिल जाएगी। 14 साल की उम्र में वे जिस स्तर का क्रिकेट खेल रहे हैं, उसने भारतीय क्रिकेट में नई उम्मीद जगा दी है।

# एफआईएच पुरुष प्रो हॉकी की तैयारियों के लिए एक फरवरी से लगेगा शिविर : हॉकी इंडिया

नई दिल्ली । हॉकी इंडिया ने कहा है कि एफआईएच पुरुष प्रो हॉकी लीग की तैयारियों के सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर एक से सात फरवरी तक चलेगा । इस शिविर के लिए 33–सदस्यीय संभावित कोर ग्रुप की भी घोषणा कर दी गयी है । एफआईएच पुरुष प्रो हॉकी लीग 10 से 15 फरवरी तक बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी । इससे पहले टीम ने हीरो हॉकी इंडिया लीग में खेला था । जिसने कई खिलाड़ियों को अच्छा अनुभव मिला है । भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फल्टन ने कहा, हीरो हॉकी इंडिया लीग के बाद, हमें लगा कि यह टीम में बदलाव करने का सही समय है । हमने काम का बोझ कम करने के लिए कुछ सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया है, जबकि उन नये खिलाड़ियों को मौका दिया है जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है ।

प्रो लीग में प्रदर्शन के आधार पर ही विश्व कप और एशियाई खेलों की टीम का चयन होगा । अब नये स शिविर में पवन, सूरज करकेरा, मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार और प्रिंसदीप सिंह गोलकीपर के तौर पर शामिल होंगे । वहीं, रक्षापंक्ति में अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, संजय, हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, सुमित, पूवन्ना चंदुरा बॉबी, यशदीप सिवाच, नीलम संजीव ज़ेस और अमनदीप लाकरा शामिल हैं । मिडफील्ड में, ग्रुप में राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, हार्दिक सिंह, मोइरंगथेम रबिचंद्र सिंह, विवेक सागर प्रसाद, विष्णु कांत सिंह, राज कुमार पाल, नीलाकांता शर्मा और रोशन कुजूर हैं। फॉरवर्ड लाइन में अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकरा, मनदीप सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, अंगद बीर सिंह, उत्तम सिंह, सेल्वम कार्थी, आदित्य अर्जुन लालागे और मनिंदर सिंह शामिल हैं ।

# सैमसन पर भरोसा रखें, टी20 विश्वकप में उपयोगी साबित होंगे : रैना

मुम्बई । भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने कहा है कि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन का प्रदर्शन न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भले ही अच्छा नहीं रहा हो पर वह अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप में उपयोगी साबित होंगे । इसलिए उनको टीम में बनाये रखना चाहिये । रैना के अनुसार खराब आंकड़ों के बावजूद सैमसन जैसे खिलाड़ी को लगातार अवसर देना भारत के लिए लाभदायक साबित हो सकता है । रैना ने साफ कहा कि सैमसन के खराब फॉर्म पर जरूरत से ज्यादा चिन्ता की जरूरत नहीं है । जनवरी 2025 के बाद से उनका औसत भले ही 20 से नीचे रहा हो पर रैना के मुताबिक क्लास कभी खत्म नहीं होती । उन्होंने टीम मैनेजमेंट को सलाह दी कि सैमसन के साथ वही धैर्य दिखाया जाए, जो एक समय सूर्यकुमार यादव के मामले में दिखाया गया था । रैना ने कहा कि जब सूर्या रन नहीं बना पा रहे थे, तब भी कप्तान और कोच ने उन पर भरोसा बनाए रखा, और इससे वह एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन करने लगे हैं । रैना ने सैमसन की स्थिति की तुलना सीधे सूर्यकुमार से की। उनके अनुसार, 卐लगभग एक साल तक सूर्यकुमार रन नहीं बना पाए थे, लेकिन टीम ने उन्हें लगातार मौके दिए । वही भरोसा अगर सैमसन को मिला, तो वह भी मैच विजेता बनकर उभर सकते हैं ।卐 रैना का मानना है कि सैमसन का पिछला रिकॉर्ड, खासकर विदेशी दौरों पर लगाया गया शतक, उनकी क्षमता को दिखाता है । रैना के अनुसार भारत का शीर्ष क्रम ही उसकी जीत तय करेगा । उन्होंने कहा कि यही चार बल्लेबाज़ तय करेंगे कि टीम 170 तक पहुंचेगी या 210 के पार जाएगी । रैना के मुताबिक, टॉप–4 का काम सिर्फ टिककर खेलना नहीं, बल्कि शुरुआती बढ़त को बड़े स्कोर में बदलना है ।रैना ने अभिषेक शर्मा और ईशान किशन की सालमी जोड़ी की खुलकर तारीफ की । उन्होंने उनकी निडर बल्लेबाज़ी को लाभदायक बताया । उनका कहना है कि यह जोड़ी पहले 10 ओवर में ही 140–150 रन बनाने की क्षमता रखती है । साथ ही कहा कि मध्यक्रम में पारी को संभालने के लिए सूर्यकुमार यादव, रिंकू सिंह और हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी हैं ।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन : रायबाकिना ने नंबर-1 सबालेंका को हराकर जीता खिताब

**मेलबर्न (एजेंसी)।** कजाकिस्तान की स्टार टेनिस खिलाड़ी एलेना रायबाकिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व नंबर-1 आर्यना सबालेंका को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 महिला एकल का खिताब अपने नाम कर लिया। रायबाकिना ने रॉड लेवर एरिना में खेले गए फाइनल मुकाबले में सबालेंका को 6-4, 4-6, 6-4 से हराया। यह मुकाबला करीब 2 घंटे 18 मिनट तक चला।

### 2023 फाइनल की हार का लिया बदला

26 वर्षीय रायबाकिना ने इस जीत के साथ 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में सबालेंका से मिली हार का बदला भी पूरा कर लिया। उस फाइनल में रायबाकिना ने पहला सेट जीतने के बावजूद मैच गंवा दिया था, लेकिन इस बार उन्होंने कोई गलती नहीं की और दमदार वापसी करते हुए खिताब अपने नाम किया।

### तीसरे सेट में 3-0 से पिछड़ने के बाद की शानदार वापसी

पांचवीं वरीयता प्राप्त रायबाकिना ने पहला सेट 6-4 से जीता, जबकि सबालेंका ने दूसरे सेट में वापसी करते हुए 6-4 से जीत दर्ज कर मुकाबला निर्णायक सेट में पहुंचा दिया। तीसरे सेट में रायबाकिना 0-3 से पिछड़ गई थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार पांच गेम जीतकर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। अंत में उन्होंने अपने पहले चैम्पियनशिप पॉइंट पर ऐस लगाकर मुकाबला खत्म किया।

### करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब



यह रायबाकिना का करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2022 में विंबलडन का खिताब जीता था। वहीं सबालेंका लगातार चौथी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंची थीं, जो ओपन युग में इससे पहले केवल इवोन गुलागोंग और मार्टिना हिंगिस ही कर पाई थीं।

# इंग्लैंड कप्तान हैरी ब्रूक ने माना गलती, नाइट क्लब विवाद में साथियों को बचाने के लिए बोला था झूठ

कोलंबो । इंग्लैंड की व्हाइट–बॉल टीम के कप्तान हैरी ब्रूक ने आखिरकार स्वीकार कर लिया है कि पिछले साल वेलिंगटन में नाइट क्लब में हुई घटना के बारे में उन्होंने शुरुआत में सच नहीं बताया था । ब्रूक ने माना कि उन्होंने जानबूझकर अपना बयान गलत दिया था, ताकि उस रात क्लब में मौजूद अपने टीम साथियों को मुसीबत से बचाया जा सके । यह घटना 31 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले से एक दिन पहले हुई थी । शुरुआत में ब्रूक ने दावा किया था कि बाउंसर के साथ बहस के दौरान वह अकेले थे, लेकिन हाल ही में सामने आई रिपोर्टों और श्रीलंका पर इंग्लैंड की टी20 जीत के बाद उन्होंने खुलासा किया कि उस रात कुछ और खिलाड़ी भी उनके साथ थे । ब्रूक ने कहा कि वह वेलिंगटन में अपने व्यवहार की पूरी जिम्मेदारी लेते हैं और मानते हैं कि उन्होंने गलत बयान देकर साथियों को बचाने की कोशिश की । उन्होंने कहा, 卐मुझे अपनी बातों पर पछतावा है । मेरा मकसद किसी को परेशानी में डालना नहीं था । मैंने टीम से माफी मांग ली है और भविष्य में ऐसी गलती न करने की सीख ले रहा हूं ।卐 उनके इस स्वीकारोक्ति के बाद पिछले वर्ष दिए गए उनके बयान पर सवाल उठने लगे हैं, जिसमें वह लगातार खुद को अकेला बताते रहे थे । इस घटना के चलते इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने ब्रूक पर 30,000 यूरो का जुर्माना लगाया और उन्हें अंतिम चेतावनी भी जारी की । यह मामला उस समय अधिक चर्चा में आया जब इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा । इसके बाद टीम के अनुशासन पर गंभीर सवाल उठने लगे । हाल के महीनों में इंग्लैंड खिलाड़ियों की ऑफ–फील्ड गतिविधियों ने विवादों को हवा दी है एडिलेड में एशेज टेस्ट से पहले नूसा की ट्रिप, और सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में बेन डकेट और बेथेल को शराब और वेपिंग करते देखा गया । इन घटनाओं ने इंग्लैंड टीम के अनुशासन पर कई सवाल खड़े किए हैं ।

# थाईलैंड मास्टर्स : भारतीय बैडमिंटन स्टार देविका सिहाग फाइनल में पहुंची




बैंकॉक (एजेंसी) । भारत की उभरती हुई बैडमिंटन स्टार देविका सिहाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में जगह बना ली है । 2.5 लाख डॉलर इनामी राशि वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देविका ने सेमीफाइनल में दुनिया की 35वीं रैंकिंग वाली खिलाड़ी हुआंग यू सुन को सीधे गेम में हराकर बड़ा उलटफेर किया ।

**सीधे गेम में दर्ज की दमदार जीत–** 20 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी देविका सिहाग, जो इस टूर्नामेंट में गैर–वरीय खिलाड़ी के रूप में उतरी थीं, ने पांचवीं वरीयता प्राप्त हुआंग यू सुन को 22–20, 21–13 से हराया । पहले गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन देविका ने दबाव के क्षणों में शानदार संयम दिखाते हुए गेम अपने नाम किया । दूसरे गेम में उन्होंने आक्रामक खेल दिखाते हुए विरोधी खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया और मुकाबला आसानी से जीत लिया ।

**खिताब के लिए गोह जिन वेइ से होगा मुकाबला–** फाइनल मुकाबले में अब देविका सिहाग का सामना मलेशिया की स्टार खिलाड़ी गोह जिन वेइ से होगा । यह मुकाबला देविका के करियर का सबसे बड़ा मैच साबित हो सकता है, जहां वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना पहला बड़ा खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगी ।

**भारतीय बैडमिंटन को मिली नई उम्मीद–** देविका की इस उपलब्धि को भारतीय बैडमिंटन के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है । युवा खिलाड़ी के इस प्रदर्शन ने यह साबित किया है कि भारत के पास भविष्य के लिए मजबूत प्रतिभाएं मौजूद हैं, जो बड़े मंच पर देश का नाम रोशन करने की क्षमता रखती हैं ।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026: अल्काराज और जोकोविच के बीच खिताब की जंग

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 का पुरुष सिंगल्स फाइनल अब टेनिस के दो दिग्गज खिलाड़ियों कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोकोविच के बीच खेला जाएगा। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई है। यह मुकाबला टेनिस प्रशंसकों के लिए हाई-वोल्टेज टक्कर साबित होने वाला है।

### अल्काराज ने मैराथन मुकाबले में ज़्वेरेव को हराया

स्पेन के स्टार खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने सेमीफाइनल में अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 7-6(5), 6-7(3), 6-7(4), 7-5 से हराया। यह मुकाबला पांच घंटे 27 मिनट तक चला और ऑस्ट्रेलियन ओपन इतिहास का सबसे लंबा सेमीफाइनल बन गया।

मैच के दौरान अल्काराज को तीसरे सेट में दाहिने पैर में चोट लग गई थी, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। निर्णायक सेट में 3-5 से पिछड़ने के बाद अल्काराज ने शानदार वापसी करते हुए लगातार चार गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। जीत के बाद अल्काराज ने कहा कि मुश्किल हालात में खुद पर भरोसा बनाए रखना ही उनकी सफलता का सबसे बड़ा कारण रहा।

### जोकोविच ने सिनर को हराकर रचा इतिहास के करीब कदम

दूसरे सेमीफाइनल में सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने दूसरी वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर को 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ जोकोविच रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब और मेलबर्न में 11वें खिताब से सिर्फ एक कदम दूर पहुंच गए हैं।

38 वर्षीय जोकोविच ने मैच में शानदार वापसी करते हुए पहला सेट हारने और फिर दो सेट में पीछे रहने के बावजूद जीत हासिल की। उन्होंने सिनर के खिलाफ लगातार पांच हार का सिलसिला भी खत्म कर दिया।

### फाइनल में रिकॉर्ड और इतिहास दांव पर

जोकोविच ने 2023 यूएस ओपन के बाद से कोई ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीता है, जबकि अल्काराज और सिनर ने पिछले आठ मेजर खिताब आपस में बांटे हैं। ऐसे में जोकोविच के पास वापसी कर इतिहास रचने का सुनहरा मौका होगा।

वहीं अल्काराज अगर फाइनल जीतते हैं तो वह करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन जाएंगे और यह रिकॉर्ड अपने देश के राफेल नडाल से छीन सकते हैं।

### हेड-टू-हेड में जोकोविच को बढ़त

दोनों खिलाड़ियों के बीच अब तक खेले गए मुकाबलों में जोकोविच 5-4 से मामूली बढ़त बनाए हुए हैं। पिछले साल मेलबर्न में भी जोकोविच ने क्वार्टरफाइनल में अल्काराज को हराया था। ऐसे में फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।



# डुमिनी को इस बार दक्षिण अफीका के टी20 विश्वकप जीतने की उम्मीदें

जोहांसबर्ग । दक्षिण अफीका के पूर्व ऑलराउंडर जेपी डुमिनी को उम्मीद है कि इस बार उनकी टीम अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप को जीतने में सफल रहेगी। डुमिनी के अनुसार इस बार उनकी टीम का प्रदर्शन पहले से काफी अच्छा रहा है जिससे उसे जीत मिलने की पूरी संभावनाएं हैं । इस पूर्व क्रिकेटर के अनुसार हाल के महीनों में सफेद गेंद क्रिकेट में टीम का प्रदर्शन लगातार बेहतर होता आया है । साथ ही कहा कि में टीम के सभी खिलाड़ी फार्म में नजर आ रहे हैं । कप्तान एडेन मार्करम की कुशल कप्तानी का भी टीम को लाभ मिलेगा । टीम ने अब तक कोई भी आईसीसी विश्वकप कप में खिताब नहीं जीता है । टी20 वर्ल्ड कप में पिछली बार टीम फाइनल में पहुंची थी पर तब उसे भारतीय टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था । उस हार के बाद से ही टीम ने काफी सुधार किये हैं । जिससे भी उसकी उम्मीदें बढ़ी हैं । डुमिनी ने कहा कि ये टीम संतुलित है और बेहतर फॉर्म उसे टूर्नामेंट में आगे तक ले जाने में सहायता करेगा । पिछले एक साल में टीम ने सीमित ओवरों के प्रारुप में निरंतर अच्छा प्रदर्शन किया है ।



## माउंट आबू में लगे भूकंप के झटके, लोग घरों से आए बाहर, नुकसान की सूचना नहीं

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के पर्यटन स्थल माउंट आबू में शुक्रवार को करीब साढ़े सात बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। इससे जानमाल के नुकसान कोई सूचना नहीं हैं। लोग अपने कामकाज में व्यस्त थे कि अचानक बादलों की गडगड़ाहट जैसी पहाड़ों के चटकने की आवाज के साथ आए भूकंप के झटके महसूस किए गए। करीब पांच से सात सेकण्ड के आए भूकंप में डरकर लोग घरों से बाहर निकल आए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबक एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि वह कुर्सी पर बैठा था कि अचानक बादलों की जोरदार गर्जना जैसी आवाज आने लगी। हालांकि आस पास की चीजें हिलते हुए दृष्टिगोचर नहीं हुईं। भूकंप की तरह महसूस होने पर आस पास के लोग भी घरों से बाहर आ गए। वहीं एक अन्य ने बताया कि वह खाना खाने बैठे ही थे कि अचानक गडगड़ाहट की आवाज आई। जिस पर वे घर के बाहर निकल आए। ओरिया, अचलगढ़, सालगांव, जवाई, गुरुशिखर, आरणा, उत्तरज, शेरगांव आदि ग्रामीण क्षेत्रों से भी भूकंप आने के समाचार मिले हैं। कहीं से कोई जानमाल के नुकसान के सूचना नहीं है।

## कफ सिरप रैकेट के सरगना भोला जायसवाल की 6 करोड़ की संपत्ति कुर्क, वाराणसी में बड़ी कार्रवाई

वाराणसी (एजेंसी)। नशीले कफ सिरप तस्करी के संगठित अपराध पर सोनभद्र पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर रैकेट के सरगना भोला प्रसाद जायसवाल की करीब 6 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति कुर्क कर ली है। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई। शनिवार को एसआईटी निरीक्षक प्रणय प्रसून श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोनभद्र पुलिस की टीम वाराणसी पहुंची और विभिन्न स्थानों पर स्थित संपत्तियों पर नोटिस चस्पा कर उन्हें अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार, जायसवाल नशीले कफ सिरप के मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल का पिता है और लंबे समय से अवैध कारोबार में संलिप्त रहा है। इसके पहले भी सोनभद्र पुलिस द्वारा भोला जायसवाल की 28.50 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। लगातार हो रही कार्रवाई से आरोपी और उसके नेटवर्क पर शिकंजा कंसता दिख रहा है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने बताया कि शनिवार को की गई कार्रवाई में आरोपी एवं उसके परिजनों की कुल सात अंचल संपत्तियां, चार वाहन और बैंक खातों में जमा धनराशि को कुर्क किया है। इन सात अचल संपत्तियों की कुल कीमत करीब 4 करोड़ 55 लाख 2 हजार 762 रुपये आंकी गई है। वहीं चार वाहनों की कीमत करीब 51 लाख 16 हजार रुपये है। इसके अतिरिक्त बैंक खातों में जमा 70 लाख 99 हजार 228 रुपये की धनराशि को भी सीज किया गया है। ये सभी संपत्तियां वाराणसी के मड़ौली और भरलाई (तहसील सदर) तथा जगदीशपुर (तहसील पिंडरा) क्षेत्र में स्थित हैं। पुलिस ने इन संपत्तियों पर नोटिस चस्पा कर विधिक प्रक्रिया के तहत कुर्की की कार्रवाई पूरी की। इस प्रकार 31 जनवरी 2026 को की गई इस कार्रवाई में कुल 5 करोड़ 77 लाख 17 हजार 990 रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है।

## यूपी में भीषण कोहरा, मेरठ में 11 गाड़ियां टकराईं, 3 दिन बारिश से और बिगड़ेगा मौसम

लखनऊ (एजेंसी)। यूपी में बारिश और ओले गिरने के बाद ठंड फिर लौट आई है। सुबह से बारिश जैसा कोहरा गिर रहा। लखनऊ, कानपुर, आगरा सहित 30 जिले घने कोहरे की चपेट में हैं। कई जिलों में विजिबिलिटी 10 मीटर तक रह गई है। इस वजह से 2 सड़क हादसे में 11 गाड़ियां टकरा गईं। 15 लोग घायल हैं। जसवंतनगर इलाके में आगरा हाईवे पर चारधाम और बरसाना दर्शन से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी डबल डेकर बस बेकाबू होकर पलट गई। बस में 45 लोग सवार थे। मलाजनी गांव के पास हुए हादसे में 10 श्रद्धालु घायल हो गए। वहीं दिल्ली-देहरादून हाईवे पर सुबह 6 बजे नंगली गेट के पास 11 गाड़ियां टकराईं। कोहरे की वजह से 4 पिकअप, 5 कार और 2 ट्रक आपस में टकरा गए। हादसे में चार लोग घायल हैं। हाईवे पर लंबा जाम लग गया। कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया गया। पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं से तापमान में 3 से 5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। सुबह-शाम गलन बढ़ गई है। सड़कों पर सन्नाटा है। गाड़ियों से निकले लोगों के हाथ सुन्न हो जा रहे हैं। लोग गर्म कपड़े पहनकर और अलाव जलाकर ठंड से बचते दिखाई दिए। कोहरे के चलते सड़क, रेल और हवाई यातायात फिर बुरी तरह प्रभावित हुए। लखनऊ, कानपुर सहित तमाम रेलवे स्टेशनों पर 60 से ज्यादा ट्रेनें घंटों लेट हैं। लखनऊ एयरपोर्ट पर चार उड़ानें लेट रहीं। कल 3 फ्लाट्स कैंसिल हुई थी। ठंड की वजह से रोडवेज बसें भी खाली ही दिखाई दे रही हैं। मौसम विभाग का कहना है कि एक फरवरी से प्रदेश में एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिससे एक से तीन फरवरी के दौरान पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में बारिश की संभावना बनेगी।

## हरियाणा कांग्रेस ने एसआईआर के लिए मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया

गुरुग्राम (एजेंसी)। हरियाणा कांग्रेस कमेटी ने मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) की निगरानी और प्रभावी समीक्षा के लिए राज्य स्तरीय क्रिया एवं मॉनिटरिंग कमेटी का गठन कर दिया है। इस कमेटी में प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सह प्रभारी जितेंद्र बघेल और प्रफुल्ल गुडथे, विधायक बी बी बतरा, पूर्व सीपीएस चौधरी रामकिशन गुर्जर और रणधीर राणा वकील शामिल हैं। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सिंह ने बताया कि यह कदम उच्च कमान के दिशा-निर्देशों के अनुरूप उठाया गया है। कमेटी का उद्देश्य मतदाता सूची में संभावित कमियों, गड़बड़ियों और अनियमितताओं की गहन जांच करना है। इसके साथ ही जनता में व्यापक जागरूकता फैलाने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सिंह ने कहा कि एसआईआर एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसका मकसद मतदाता सूची को सटीक और शुद्ध बनाना है। अगर इस प्रक्रिया में कोई पक्षपात या अनुचित कदम उठाए जाते हैं, तो कांग्रेस उसका कड़ा विरोध करेगी। कमेटी राज्य स्तर पर समन्वय बनाए रखते हुए जिला और बूथ स्तर पर सक्रिय निगरानी सुनिश्चित करेगी, ताकि आम नागरिकों के मताधिकार की रक्षा हो सके। कांग्रेस पार्टी का यह प्रयास लोकतंत्र की मूल भावना को मजबूत करने और मतदाताओं के हितों की सुरक्षा के लिए है। पार्टी ने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में बन रहे समृद्ध, आत्मनिर्भर भारत की प्रक्रिया को गति देगा बजट

**-केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ दौरे में किया दावा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि आगामी केंद्रीय बजट पीएम मोदी के नेतृत्व में बन रहे समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित भारत की प्रक्रिया को गति देगा। केंद्रीय मंत्री चौहान छत्तीसगढ़ के रायपुर में यह बात कही, जहां से वे दुर्ग का दौरा करने और स्थानीय किसानों से बातचीत पहुंचे। चौहान ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में एक समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण हो रहा है।

जानकारी के मुताबिक केंद्रीय बजट 2026-27 वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को पेश किया जाएगा। इस साल बजट प्रस्तुति सप्ताहांत में पड़ रही है। वित्त मंत्री सीतारमण 1 फरवरी को लगातार नौवीं बार केंद्रीय बजट पेश करने जा रही हैं, जो भारत के संसदीय और आर्थिक इतिहास में एक अहम उपलब्धि होगी। इसके अलावा चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ द्वारा अपनाई जा रही कृषि पद्धतियों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि



छत्तीसगढ़ प्रगतिशील कृषि के लिए व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है और राज्य के प्रगतिशील किसानों ने उन्हें लंबे समय से अपने काम को देखने के लिए आमंत्रित किया था।

उन्होंने कहा कि आज मैं किसानों से बातचीत करने के लिए छत्तीसगढ़ की इस पवित्र भूमि पर आया हूं। मैं दुर्ग जिले के किसानों से मिलूंगा, जहां अत्यधिक प्रगतिशील कृषि पद्धतियां अपनाई जाती हैं। छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ लंबे समय से मुझे अपने काम को देखने के लिए आमंत्रित करता रहा है और आज मैं ऐसा करूंगा। मैं उनसे चर्चा भी करूंगा और बाद में किसान मेले में भाग लूंगा, क्योंकि किसान मेला सरकार और किसानों के बीच संवाद का सेतु का काम करता है।

उन्होंने कहा कि युवा नेता संवाद पहल के तहत पहले दिल्ली का दौरा कर चुके युवाओं को भी इस संवाद में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। चौहान ने कहा कि युवा नेताओं के संवाद की पहल के तहत, यहां के कुछ युवा दिल्ली गए थे, और मैंने उन्हें भी आमंत्रित किया है, क्योंकि युवाओं के पास कई तरह के विचार होते हैं और मैं उनसे भी बातचीत करूंगा।

## भारत-पाक सीमा के पास फिर दिखा ड्रोन

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक बार फिर ड्रोन की गतिविधि सामने आई है। शुक्रवार शाम सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में भारतीय सीमा के भीतर एक संदिग्ध ड्रोन उड़ता हुआ देखा गया। ड्रोन कुछ मिनटों तक इलाके में मंडराता रहा और फिर वापस गायब हो गया। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है और सघन निगरानी शुरू कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार, ड्रोन को शाम के समय सीमा के नजदीक उड़ते हुए देखा गया, जिसके बाद तुरंत सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को सूचना दी गई। ड्रोन की गतिविधि को देखते हुए सीमावर्ती इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया, हालांकि फिलहाल किसी संदिग्ध वस्तु या सामग्री के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि ड्रोन उड़ाए जाने का उद्देश्य क्या था और वह किस दिशा से आया था। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि ड्रोन का इस्तेमाल सीमापार से हथियार, नशीले पदार्थ या अन्य संदिग्ध सामग्री गिराने के लिए किया जा सकता है, या फिर भारतीय सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के उद्देश्य से किया जा रहा हो। इसी को ध्यान में रखते हुए सीमा सुरक्षा बल और सेना ने बॉर्डर पर इलेक्ट्रॉनिक निगरानी, नाइट विजन उपकरणों और एंटी-ड्रोन सिस्टम को और मजबूत किया है। स्थानीय प्रशासन ने सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। सुरक्षा बलों ने आम नागरिकों से अपील की है कि अगर उन्हें किसी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस या नजदीकी सुरक्षा चौकी को सूचित करें।



**सीमा पर ड्रोन देखे जाने की यह छठी घटना**

गौरतलब है कि पिछले 15 दिनों के भीतर जम्मू क्षेत्र में सीमा के पास ड्रोन देखे जाने की यह छठी घटना है। इससे पहले 17 जनवरी की शाम को भी लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) से सटे रामगढ़ सेक्टर में एक ड्रोन नजर आया था। उस दौरान भारतीय सेना की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई के बाद ड्रोन पाकिस्तान की ओर लौट गया था। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है।

## मुसलमानों को गाली देने से भारत हिंदू राष्ट्र नहीं बनेगा

**-धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बांदा में भरी हुंकार**

**बांदा (एजेंसी)।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने उत्तरप्रदेश के बांदा में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में हिंदू समाज को महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को गाली देने या किसी दूसरे समुदाय को निशाना बनाने से भारत हिंदू राष्ट्र नहीं बनेगा। अपने संबोधन में शास्त्री ने कहा कि पहले हिंदुओं को अपनी कुरीतियों और आंतरिक खामियों को सुधारने की जरूरत है। तभी समाज में शांति, एकता और सौहार्द स्थापित होगी।

दिव्य हनुमंत कथा के 10 दिन बाद एक बार फिर से धीरेंद्र शास्त्री शुक्रवार को बांदा पहुंचे। वे खुरहंड स्टेशन स्थित सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के आवास पर आयोजित सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा, हिंदू मेरी एक बात नोट कर लें, मुसलमानों को गालियां देकर हिंदू राष्ट्र नहीं बनेगा। हिंदुओं को अपनी कुरितियां सुधारी पड़ेंगी, तभी भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा। जो हमारे सनातन में कमियां है, उस दूर किया जाएगा, तभी बनेगा और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का एक ही उपाय है। वह है, जात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई।

बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर ने कहा कि उनके यहां तीन बार हूं.. हूं.. और तलाक, हमारे यहां तो जब तक 20 से 25 बार पेशी न हो जाए तब तक तलाक नहीं होता है। उसमें कोई बुराई नहीं है। अच्छी बात है कायदे में रहते हैं, तब फायदे में रहते है।

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हमारा काम है दर पर जाना, उनका काम है बिगड़ी बनाना और परमात्मा का काम है सब कुछ संभालना। एक बात याद रखना, अगर तुम भगवान पर भरोसा रखते हो, तब वह तुम्हारा भरोसा कभी टूटने नहीं देगा। अगर तुम बीच में अलीउल्लाह वालों के पास चले जाओ, कभी चादर चढ़ाने लगाते हो, कभी कैंडिल जलाने लगो और फिर कहते हो कि हनुमान कृपा नहीं कर रहे। पूरी तरह भगवान पर छोड़ दो या फिर सच में भगवान पर ही छोड़ दो।

# दिल्ली विस्फोट जांच में खुलासा, कॉफी चेन के आउटलेट्स को निशाना बनाना चाहते थे

**-पूछताछ में पता चला आतंकी समूह के अंदर ही टारगेट को लेकर था मतभेद**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विस्फोट की जांच में एक नया पहलू सामने आया है। केंद्रीय जांच एजेंसियां इस बात की पड़ताल कर रही हैं कि आतंकी मॉड्यूल ने दिल्ली समेत देश के बड़े महानगरों में एक वैश्विक कॉफी चेन के आउटलेट्स को निशाना बनाने की योजना बनाई थी। जांच से जुड़े सूत्रों के मुताबिक आरोपियों का मानना था कि यह ब्रांड यहूदी प्रभाव का प्रतीक है, क्योंकि इसके वैश्विक विस्तार के दौर में कंपनी का नेतृत्व एक यहूदी मुख्य कार्यकारी अधिकारी के हाथों में था।

मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि यह संभावित हमला इजराइल के गाजा में सैन्य अभियानों के खिलाफ एक राजनीतिक संदेश देने के उद्देश्य से बनाया गया था। यह जानकारी आठ आरोपियों से लंबी पूछताछ के बाद सामने आई है, जिनमें तीन मेडिकल प्रोफेशनल भी शामिल हैं। इनमें जम्मू-कश्मीर के मुजामिल अहमद गनई और



आदिल अहमद राथर, और यूपी के शाहीन सईद शामिल हैं। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि आतंकी समूह के अंदर ही टारगेट को लेकर गहरा मतभेद था। कुछ सदस्य नागरिक ठिकानों पर हमला करने के खिलाफ थे और चाहते थे कि साजिश को केवल जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों तक सीमित रखा जाए।

हालांकि, जांच एजेंसियों के मुताबिक कार बम हमलावर उमर-उन-नबी, जो धमाके में मारा गया, घाटी के बाहर बड़े और हाई-प्रोफाइल ठिकानों को निशाना बनाने पर जोर दे रहा था ताकि हमले का प्रभाव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महसूस किया जाए। एजेंसियों का मानना है कि उमर और उसके सहयोगी मेट्रो शहरों में कॉफी चेन के आउटलेट्स पर हमले को अपने कथित संदेश को वैश्विक बनाने का जरिया मानते थे। धमाके के सात दिन बाद एनआईए ने जासिर वानी को गिरफ्तार किया, जिसे उसकी तकनीकी विशेषज्ञता के चलते नेटवर्क में शामिल किया गया था। वानी पर ड्रोन को हथियार में बदलने और हमास-शैली के हमलों की योजना में शामिल होने का आरोप है।

जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी प्रतिबंधित आतंकी संगठन अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े थे और आतंकी गतिविधियों को वैश्विक संघर्षों से जोड़ने वाली कट्टरपंथी सोच से प्रेरित थे। एनआईए अब जांच कर रही है कि कॉफी चेन पर हमले की योजना केवल चर्चा तक सीमित थी या इसके लिए रेकी और ठोस तैयारी भी की गई थी।

## जुबीन गर्ग मौत मामला: आरोपी महिला का दावा कहा- मुझसे रूम शेयर करने को कहा गया था

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** संगीत जगत की मशहूर हस्ती जुबीन गर्ग की सितंबर 2025 में सिंगापुर में हुई रहस्यमयी मौत के मामले में कानूनी कार्रवाई तेज हो गई है। शुक्रवार को गुवाहाटी सत्र न्यायालय ने मामले की संवेदनशीलता और आरोपों की गंभीरता को देखते हुए तीन प्रमुख आरोपियों को राहत देने से साफ इनकार कर दिया। अदालत ने मुख्य आरोपी संगीतकार अमृतप्रभा महंता और जुबीन गर्ग के दो व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारियों (पीएसओ) की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं।

वहीं अपनी बेल याचिका में महंता के वकील ने कहा कि उन्होंने असम और उसके बाहर गर्ग के साथ परफॉर्म किया था और उनके कहने पर वह सिंगापुर में फेस्टिवल के लिए उनके साथ गई थीं। वह 29 साल की महंता के लिए पिता जैसे थे। इसमें कहा गया है कि पहुंचने के बाद उन्हें पता चला कि उन्हें गर्ग के साथ वही कमरा दिया गया है और वह विदेश में कमरे के इस अलॉटमेंट पर कोई आपत्ति नहीं कर सकती थीं और क्योंकि उन्हें अपने पिता जैसे व्यक्ति के साथ उसी कमरे में रहने के लिए कहा गया था, इसलिए वह उसी कमरे में रहीं। उन्हें पिछले दिन तक यॉट राइड के बारे में पता नहीं था।



सत्र न्यायाधीश ने अमृतप्रभा महंता की याचिका पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप अत्यंत गंभीर प्रकृति के हैं, जिनमें कानून के तहत मृत्युदंड या आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। अदालत ने अभियोजन पक्ष के तर्कों से सहमति जताते हुए माना कि प्रथम दृष्टया ऐसे साक्ष्य मौजूद हैं जो दर्शाते हैं कि महंता ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर एक ऐसी आपराधिक साजिश रची, जिसके कारण अंततः जुबीन गर्ग की मृत्यु हुई। महंता उन चार मुख्य आरोपियों में शामिल हैं, जिन पर सिंगापुर में गर्ग की मौत के सिलसिले में हत्या का आरोप दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि जुबीन गर्ग सितंबर 2025 में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में प्रस्तुति देने के लिए सिंगापुर गए थे। उनके साथ इस मामले में उत्सव के आयोजक श्यामकानु महंता, मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और संगीतकार शेखर ज्योति गोस्वामी भी आरोपी हैं। सुनवाई के दौरान महंता के वकील ने दलील दी कि वह जुबीन को पिता समान मानती थीं और उनके साथ कई शो कर चुकी थीं। उन्होंने तर्क दिया कि होटल में कमरा आवंटन उनकी मर्जी से नहीं हुआ था और विदेश में अकेले होने के कारण वे वहां आपत्ति नहीं कर सकीं।

हालांकि, पुलिस की चार्जशीट में उन पर बेहद गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि महंता ने सिंगापुर के होटल में जुबीन को अत्यधिक शराब पीने के लिए उकसाया और उनके गिरते स्वास्थ्य के बारे में परिजनों या मैनेजर को सूचित नहीं किया। साथ ही, उन पर गंभीर नशे की हालत में जुबीन को बिना लाइफ जैकेट के समुद्र में उतरने के लिए प्रोत्साहित करने का भी आरोप है। दूसरी ओर, जुबीन के दो पीएसओ-नंदेश्वर बोराह और परेश बैश्य-पर आपराधिक साजिश के साथ-साथ विश्वासघात और जुबीन के पैसों के गबन का आरोप है। कोर्ट ने इसे समाज पर बुरा प्रभाव डालने वाला गंभीर अपराध करार दिया। यह मामला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा में रहा है क्योंकि सिंगापुर और भारत की जांच रिपोर्टों में विरोधाभास है।

## कांग्रेस ने उठाया सवाल... क्या बजट के आंकड़े पेश होने के तुरंत बाद संशोधित किए जाएंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर नीति निर्धारण में समन्वय की कमी का आरोप लगाकर सवाल उठाया है कि क्या बजट के आंकड़े पेश होने के तुरंत बाद संशोधित किए जाएंगे। यह चिंता इसलिए है क्योंकि बजट के कुछ ही दिन बाद सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की नई श्रृंखला जारी होगी।



कांग्रेस के संचार प्रभारी और रात्यसभा सांसद महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 का बजट 1 फरवरी 2026 को पेश होगा। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि राज्य सरकारें इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि बजट में उनके लिए क्या प्रावधान होने वाले हैं, क्योंकि वित्त मंत्री 16वें वित्त आयोग की सिफारिशें लागू करने की घोषणा करने वाली हैं। वित्त आयोग संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत हर पांच वर्षों में बनता है और यह केंद्र द्वारा एकत्र किए गए कर राजस्व में राज्यों की हिस्सेदारी, उसके वितरण और विशेष अनुदान तय करता है। 16वां वित्त आयोग 2026-27 से 2030-31 तक की अवधि से संबंधित है।

कांग्रेस नेता रमेश ने दो प्रमुख चिंताओं का जिक्र किया। पहली यह कि कई बजट आंकड़े जीडीपी के प्रतिशत के रूप में पेश किए जाएंगे, जबकि 27 फरवरी 2026 को जीडीपी की नई श्रृंखला जारी होने वाली है। दूसरी चिंता सीपीआई की है, जिसकी नई श्रृंखला 12 फरवरी 2026 को जारी होगी। इसमें खाद्य कीमतों की हिस्सेदारी में गिरावट आ सकती है, जिससे बजट के आंकड़ों पर असर पड़ेगा। इसके अलावा, थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में भी संशोधन किया जा रहा है।

कांग्रेस नेता रमेश ने कहा कि यह सभी परिस्थितियां नीति निर्माण में तालमेल की कमी को दिखाती हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपना रिकॉर्ड नौवां बजट पेश करेंगी, जिसमें दो अंतरिम बजट भी शामिल हैं। कांग्रेस का तर्क है कि बजट आंकड़े और नई आर्थिक श्रृंखलाओं के बीच अंतर से राज्यों और नीति निर्माताओं के लिए असमंजस पैदा हो सकता है।

# आज हो जाएं आम चुनाव... पूर्ण बहुमत से चौथी बार लौटेगी मोदी सरकार

**-55 प्रतिशत लोगों ने नरेंद्र मोदी को मना पीएम पद का दावेदार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में आज अगर लोकसभा चुनाव हो जाएं, तब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सीटें बढ़कर 352 होगी। इतना ही नहीं बीजेपी की सीटें भी बढ़कर 287 होगी। इसतरह बीजेपी अपने दम पर बहुमत हासिल करती दिख रही है। एक ताजा सर्वे में ये नतीजे निकलकर आए हैं। वोट प्रतिशत के अुनसार मौजूदा समय में चुनाव होने पर एनडीए को 47 फीसदी का फायदा होता दिख रहा है। इंडिया ब्लॉक को 39 फीसदी, और अन्य को 14 फीसदी वोट मिलते दिख रहे है।

ये सर्वे 8 दिसंबर 2025 से 21 जनवरी 2026 के बीच कराया गया है। हर आयु वर्ग जाति, धर्म, लिंग वाले 36 हजार 265 लोग इस सर्वे में शामिल हुए। सर्वे में पूछा गया कि अगर आज लोकसभा चुनाव हो जाएं तब किस गठबंधन को कितनी सीटें मिलेंगी? सर्वे में सामने आया कि एनडीए को 352 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि इंडिया ब्लॉक को 182 सीटें मिल सकती हैं, जबकि अन्य के खाते में 9 सीटें जा सकती हैं। हालांकि 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए को 293 सीटें मिली थीं, जबकि इंडिया ब्लॉक के खाते में 234 सीटें आई थीं। अगस्त 2025 में सर्वे किया गया था, जिसमें एनडीए को 324 सीटें और इंडिया ब्लॉक को 208 सीटें मिलने का अनुमान था।

गठबंधन के हिसाब से वोट शेयर की बात करें तब सर्वे के मुताबिक एनडीए गठबंधन को 47 प्रतिशत, इंडिया ब्लॉक को 39 प्रतिशत और अन्य को 14 प्रतिशत वोट शेयर मिल सकता है। 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए को 43 प्रतिशत वोट शेयर मिला था, जबकि इंडिया ब्लॉक को 40 प्रतिशत वोट मिला था। वहीं अगस्त में हुए सर्वे में एनडीए को 47 प्रतिशत और इंडिया ब्लॉक को 41 प्रतिशत वोट शेयर मिलने का अनुमान था।

सर्वे में पूछा गया कि अगर आज लोकसभा चुनाव होने पर किस पार्टी को कितनी सीटें मिलेंगी। सर्वे में सामने आया कि बीजेपी को 287, कांग्रेस 80 और अन्य को 176 सीटें मिलने का अनुमान है। 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 240 सीटें, कांग्रेस 99 सीटें मिली थीं। अगस्त में हुए सर्वे में बीजेपी को 260 सीटें और कांग्रेस को 97 सीटें मिलने का अनुमान था। सर्वे के मुताबिक अगर आज चुनाव होते हैं, तब बीजेपी के खाते में 41 प्रतिशत, कांग्रेस के खाते में 20 प्रतिशत और अन्य के खाते में 39 प्रतिशत वोट जा सकते हैं।

वहीं सर्वे में लोगों से पूछा गया कि अगले प्रधानमंत्री के तौर पर सबसे बेहतर चेहरा कौन सा होगा? इस पर 55 फीसदी लोगों ने नरेंद्र मोदी को चुना। जबकि 27 फीसदी ने राहुल गांधी को पीएम पद का दावेदार बताया। इससे पहले अगस्त 2025 में सर्वे में 52 फीसदी लोगों ने नरेंद्र मोदी को, और 25 फीसदी लोगों ने राहुल गांधी को पसंद बताया था। सर्वे में लोगों से पूछा गया कि देश का अब तक का सबसे बेहतर प्रधानमंत्री कौन है। इस सवाल के जबाव में 50 फीसदी लोगों ने पीएम मोदी को अपनी



पसंद बताया। जबकि 12 फीसदी लोगों ने इंदिरा गांधी को देश की अब तक की सबसे बेहतर प्रधानमंत्री और अटल बिहारी वाजपेयी को भी 12 फीसदी लोगों ने अब तक का सबसे बेहतर पीएम बताया।




## मालविका मोहनन ने दिया तमिल और तेलुगू एक्ट्रेसेस की डायलॉग डिलिवरी पर विवादास्पद बयान

द राजा साब की एक्ट्रेस मालविका मोहनन सोशल मीडिया पर अचानक ट्रेंड हो रही हैं। तेलुगू, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी, सभी पांच इंडस्ट्री में अपनी धमक दिखा चुकी यह हसीना अपने एक हालिया कमेंट के बाद ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार हो गई हैं। यह विवाद तब शुरू हुआ जब उन्होंने एक हालिया इंटरव्यू में बिना नाम लिए तमिल और तेलुगू एक्ट्रेसेस की डायलॉग डिलिवरी पर विवादास्पद बयान दे दिया। 32 साल की मालविका ने दावा किया कि कई एक्ट्रेस अपने डायलॉग की लाइन्स भी ठीक से नहीं बोल पाती हैं। वह सिर्फ रटे-रटाए एक्सप्रेशंस देती हैं।
बॉलीवुड में युद्धा और बियॉन्ड द क्लाउड्स में नजर आईं मालविका के ये बोल सोशल मीडिया यूजर्स को पसंद नहीं आए। कई यूजर्स ने उनके इस नजरिए की आलोचना की। इंडस्ट्री में उनके अब तक के काम पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। मालविका मोहनन के हालिया इंटरव्यू के वीडियोज वायरल हो रहे हैं। उन्होंने गैलाटा प्लस से बातचीत में कहा, तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में, काफी समय से मैं कुछ ऐसी एक्ट्रेस को जानती हूं जो अपनी लाइन्स देखने की भी परवाह नहीं करतीं। थलपति विजय के साथ मास्टर में काम कर चुकी एक्ट्रेस ने आगे बिना नाम लिए रटे-रटाए एक्सप्रेशंस का जिक्र किया और कहा, अगर आप गुस्से में हैं और अपने लवर से ज्यादा गुस्से में हैं, तो आप A,B,C, D बोलती हैं, क्योंकि डबिंग में वह किसी पॉइंट पर अपने होंठ डायलॉग्स से मैच कर लेंगी। यह कोई एक बार की घटना नहीं है। ऐसे एक्टर्स हैं, जिन्होंने अपने पूरे करियर में सिर्फ ऐसा ही किया है।
मालविका के इस बयान के सामने आते ही सोशल मीडिया दो गुट में बंट गया है। कुछ यूजर्स उनकी आलोचना कर रहे हैं। जबकि कुछ फैंस उन्हें सपोर्ट कर रहे हैं। कई यूजर्स ने मालविका के हालिया परफॉर्मेंस, खासकर मास्टर और द राजा साब जैसी फिल्मों में उनके काम का जिक्र किया है। एक यूजर ने लिखा, मास्टर में मालविका मोहनन की एक्टिंग को सभी ने उनके एक्सप्रेशंस के लिए ट्रोल किया था। लेकिन अब वह दूसरों पर कमेंट कर रही हैं। क्या ही कलयुग है। एक अन्य सोशल मीडिया यूजर ने पोस्ट किया, उन्हें अपनी ही यह सलाह खुद के लिए भी माननी चाहिए।



# मैं प्रिंस की परछाई नहीं, अपनी पहचान के साथ उतरूंगी

रियलिटी टीवी की दुनिया में एक बड़ा शो द 50 की चर्चा जोरों पर है। इस शो में दर्शकों को एक तरफ जहां प्रिंस नरूला जैसे दिग्गज रियलिटी स्टार देखने को मिलेंगे, वहीं दूसरी तरफ उनकी पत्नी और अभिनेत्री युविका चौधरी भी पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरने जा रही हैं। इस बार युविका सिर्फ प्रिंस की पत्नी बनकर नहीं, बल्कि अपनी अलग पहचान और सोच के साथ दर्शकों के सामने आने को तैयार हैं। युविका चौधरी ने द 50 को अपने लिए खुद को साबित करने का एक बड़ा मौका बताया। उन्होंने कहा, मैं बेशक अपने पति प्रिंस नरूला के साथ रियलिटी शो में जा रही हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि मैं किसी की परछाई हूं। कुछ मौकों पर प्रिंस का अनुभव मुझे सहारा देगा, लेकिन कई जगह मैं अपना खेल खुद खेलूंगी। यह शो हम दोनों के लिए एक साझा मंच जरूर है, लेकिन सोच और फैसलों में पूरी आजादी भी है। युविका ने कहा, शो के दौरान कई बार ऐसा होगा जब मेरे और प्रिंस के विचार बिल्कुल अलग होंगे। मतभेद होना किसी रिश्ते की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी सच्चाई है। यही फर्क दर्शकों को स्क्रीन पर भी दिखाई देगा। मेरी अलग राय और फैसले मुझे शो में एक मजबूत खिलाड़ी के रूप में पेश करेंगे।
अपने रिश्ते की बात करें तो युविका ने कहा कि प्रिंस और मैं एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं, लेकिन हम अपनी-अपनी जगह बहुत क्लीयर हैं। प्रिंस अपने फैसले खुद लेते हैं और मैं अपने। दोनों एक-दूसरे के निजी फैसलों में दखल नहीं देते। कई बार मैं प्रिंस की नहीं सुनती और प्रिंस मेरी नहीं सुनते, लेकिन यही आपसी समझ की सबसे बड़ी ताकत है। रियलिटी शो में दर्शक हर छोटी-बड़ी बात पर नजर रखते हैं। इस पर युविका ने कहा, अगर इंसान खुद जैसा है वैसा ही रहे, तो किसी तरह की छवि बनाने या संभालने की जरूरत नहीं होती। मैं अब अपनी जिंदगी के उस मुकाम पर हूं, जहां डर या झिझक की जगह नहीं है।
युविका ने कहा, द 50 मेरे लिए एक सुनहरा अवसर है और मैं इसे आधे मन से नहीं जीना चाहती। मैं चाहती हूं कि दर्शक मुझे बिना किसी बनावट के देखें। खुद को रोकना या नकली व्यवहार करना इस मौके के साथ नाइंसाफी होगी। इसलिए मैं पूरी सच्चाई और ईमानदारी के साथ शो का हिस्सा बनना चाहती हूं। जब उनसे पूछा कि शो के बाहर लोग उनके और प्रिंस के रिश्ते को कैसे समझेंगे, तो युविका ने कहा, जो कुछ स्क्रीन पर दिखेगा, वही हमारी असल जिंदगी की झलक होगी। मैं किसी तरह का दिखावा या भ्रम पैदा नहीं करना चाहती। मैं और प्रिंस दोनों अपने रिश्ते और सोच को लेकर बिल्कुल स्पष्ट हैं और इसी सच्चाई के साथ दर्शकों के सामने आएंगे।



## मेरे लिए एक आर्मी पत्नी का रोल निभाना बिल्कुल अलग अनुभव है

अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह अपकमिंग फिल्म बैटल ऑफ गलवान में एक सैन्य अधिकारी की पत्नी के किरदार में नजर आएंगी। इस रोल की तैयारी के दौरान उन्होंने मिलिट्री परिवारों की महिलाओं की ताकत और अंदरूनी भावनात्मक डर को गहराई से समझा। चित्रांगदा ने कहा कि इस किरदार ने उन्हें अपनी मां और ऐसी तमाम महिलाओं के संघर्ष को बेहतर तरीके से महसूस कराया। एक इंडियन आर्मी ऑफिसर की बेटी होने के नाते चित्रांगदा को यूनिफॉर्म, बार-बार पोस्टिंग और अनुशासित जीवन की आदत पहले से थी। लेकिन फिल्म के लिए आर्मी पत्नियों से मिलने और उनकी कहानियां सुनने के बाद उन्होंने कहा, मेरे पिता आर्मी में थे, उनकी कहानियां सुनना मेरे लिए सामान्य था। लेकिन एक आर्मी पत्नी का रोल निभाना बिल्कुल अलग अनुभव है। जब मैं उन महिलाओं से मिली, तो मुझे अपनी मां की खामोशी, गर्व और चिंता का मिश्रण समझ आया। चित्रांगदा ने आगे कहा, ये महिलाएं हर दिन ताकत और डर दोनों को अपने अंदर संजोकर रखती हैं। मैंने रोल में सिर्फ हिम्मत या मुस्कान नहीं, बल्कि उस भावना को भी दिखाने की कोशिश की, जहां दिल टूटने के बावजूद खुद को संभालना सीखना पड़ता है।
फिल्म में वह उन भारतीय महिलाओं का प्रतीक बनती दिखेंगी, जो वर्दी पहने सैनिकों के पीछे मजबूती से खड़ी रहती हैं। फिल्म में चित्रांगदा, सलमान खान के किरदार के लिए इमोशनल सहारा बनती हैं। वह कहानी में कोमलता, गरिमा और स्थिरता का पुट लाती नजर आएंगी। बैटल ऑफ गलवान 15 जून 2020 को गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प पर आधारित है। यह टकराव लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर हुए बड़े सीमा विवाद का हिस्सा था। इस लड़ाई में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। अपूर्व लाखिया के निर्देशन में तैयार फिल्म 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। चित्रांगदा सिंह और सलमान खान के साथ फिल्म में अंकुर भाटिया, अभिलाष चौधरी, विपिन भारद्वाज और सिद्धार्थ जैसे सितारे नजर आएंगे।

## शब्द नहीं, भावनाएँ बोलेंगी- अदिति राव हैदरी की गांधी टॉक्स



अदिति राव हैदरी अपनी अगली फिल्म गांधी टॉक्स के साथ अब तक का सबसे अलग कदम उठा रही हैं। यह एक साइलेंट फिल्म है, जिसमें कोई डायलॉग नहीं है और कहानी पूरी तरह भावनाओं और अभिनय के ज़रिए आगे बढ़ती है। अदिति उन अभिनेत्रियों में से नहीं हैं जो चलन के पीछे भागती हैं। उन्होंने हमेशा ऐसी फिल्में चुनी हैं जहाँ अभिनय और कहानी को ज़्यादा अहमियत दी गई हो। गांधी टॉक्स भी उसी सोच का हिस्सा है। इस फिल्म में अदिति को बिना संवाद के अपने चेहरे, आँखों और भावों के ज़रिए किरदार निभाते देखा जाएगा। साइलेंट फिल्म में कलाकार के पास छुपने की कोई जगह नहीं होती, और अदिति इस चुनौती को पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनाती नज़र आती हैं। ल्म में उनके साथ विजय सेतुपति हैं। ट्रेलर में दोनों की केमिस्ट्री साफ़ नज़र आती है। ए. आर. रहमान का संगीत फिल्म की भावनाओं को और गहराई देता है, जबकि निर्देशन किशोर पांडुरंग बेलेकर ने किया है। गांधी टॉक्स भले ही एक अलग तरह की फिल्म हो, लेकिन अदिति राव हैदरी के करियर को देखते हुए यह फैसला बिल्कुल स्वाभाविक लगता है। यह फिल्म 30 जनवरी 2026 को दुनियाभर में रिलीज़ होगी।

## 'दलदल' के सेट पर समारा तिजोरी ने भूमि पेडनेकर को किया इंप्रेस

मच अवेटेड साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर 'दलदल' में भूमि सतीश पेडनेकर के साथ समारा तिजोरी और आदित्य रावल अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह सीरीज़ खौफनाक हत्याओं, ड्रग्स और एक खतरनाक पीछा-पकड़ की कहानी दिखाती है। हाल ही में भूमि ने अपने को-स्टार्स के साथ काम करने के अनुभव साझा किए और बताया कि वे उनसे काफी प्रभावित और प्रेरित हुईं। भूमि ने कहा,समारा तिजोरी इस पीढ़ी की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक होंगी। मैंने कई अच्छे कलाकारों के साथ काम किया है, लेकिन समारा और आदित्य वाकई खास हैं। यह उनके करियर की बस शुरुआत है। ऐसे किरदार निभाने के लिए ऐसे ही सच्चे कलाकारों की जरूरत होती है। उन्होंने आगे कहा,मैंने उनके साथ किए हर सीन में देखा कि वे अपने काम को कितनी गंभीरता से लेते हैं और हर सीन के लिए खुद को कैसे तैयार करते हैं। 'दलदल' में भूमि एक सख्त और निडर पुलिस अफसर डीसीपी रीटा फरेरा की भूमिका निभा रही हैं, जो एक खतरनाक सीरियल किलर आदित्य रावल की तलाश में है। वहीं समारा तिजोरी एक ईमानदार पत्रकार के किरदार में कहानी में नए मोड़ और रोमांच जोड़ती हैं। दर्शक जहां भूमि के दमदार रोल को लेकर उत्साहित हैं, वहीं समारा की परफॉर्मेंस को लेकर भी काफी उम्मीदें हैं। 21 जनवरी को 'दलदल' का ट्रेलर रिलीज़ किया गया, जिसमें बेरहमी से की गई हत्याओं और एक सीरियल किलर की डरावनी सोच को दिखाया गया है। यह सीरीज़ विश धमीजा की किताब भेंडी बाजार पर आधारित है और इसे अमृत राज गुप्ता ने डायरेक्ट किया है। इसके निर्माता विक्रम मल्होत्रा और सुरेश त्रिवेणी हैं।





# विशाल भारद्वाज ने शाहिद कपूर के साथ अनबन की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

**शाहिद कपूर और विशाल भारद्वाज एक बार फिर साथ में फिल्म ओ रोमियो लेकर आ रहे हैं। कई साल से शाहिद कपूर और निर्देशक विशाल भारद्वाज के बीच नाराजगी या अनबन की अफवाहें चल रही हैं। अब विशाल ने इस पर खुलकर बात की है और अफवाहों को गलत बताया है।**

### शाहिद के बारे में विशाल की राय

विशाल ने मुंबई में अपनी नई फिल्म ओ रोमियो के ट्रेलर लॉन्च के दौरान कहा कि उनके निर्देशक दोस्त मजाक में कहते हैं, तुम्हें शाहिद कपूर के साथ 4 फिल्में करने के लिए 10वां राष्ट्रीय पुरस्कार




मिलना चाहिए। लेकिन विशाल ने जोर देकर कहा कि असल में शाहिद को उनके साथ काम करने के लिए पुरस्कार मिलना चाहिए, क्योंकि वे खुद बहुत मुश्किल इंसान हैं। उन्होंने कहा, मैं बहुत कठिन आदमी हूं, शाहिद यह अच्छे से जानते हैं। वो मेरे गुस्से को भी समझतो हैं।

### कैसा है विशाल और शाहिद का रिश्ता?


विशाल ने माना कि दोनों के बीच रचनात्मक मतभेद और झगड़े होते हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर इसे बहुत बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया है। उन्होंने कहा, हमारे बीच झगड़े होते हैं, लेकिन उतने नहीं जितने दिखाए जाते हैं। अब हमारा रिश्ता लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल या कल्याणजी-आनंदजी जैसा हो गया है, मतलब गहरा और मजबूत।

### विशाल और शाहिद की साथ में फिल्में

शाहिद और विशाल ने कई शानदार फिल्मों में एक साथ काम किया है। दोनों ने साथ में 2009 में फिल्म कमीने में काम किया था। इसके बाद दोनों ने फिल्म हैदर और रंगून जैसी सफल फिल्में साथ की हैं। वहीं अब दोनों फिर से एक बार फिल्म ओ रोमियो लेकर आ रहे हैं।

### कब रिलीज होगी ओ रोमियो?

ओ रोमियो फिल्म मुंबई के अंडरवर्ल्ड पर आधारित एक एक्शन-थ्रिलर है, जो असली घटनाओं से प्रेरित है। इसमें शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में हैं। बाकी कलाकारों में अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, फरीदा जलाल, दिशा पाटनी और विक्रांत मैसी हैं। फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। ओ रोमियो 13 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in